हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, गुरुवार, 16 जनवरी 2025

तापमान
अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 16 डिग्री

10 पार्षदों का 21 और मेयर प्रत्याशियों की घोषणा 22 को करेगी भाजपा




11 अज्ञात आवारा पशुओं को ग्रामीणों ने बनाया स्टेडियम में बंधक, प्रशासन मौन





## खबर संक्षेप

### ब्रह्म भट्ट ब्राम्हण समाज की बैठक 19 को

**भिलाई।** ब्रह्म भट्ट ब्राम्हण समाज प्रदेश एवम जिला कार्यकारणी का नया गठन किया जाना है । जिसके लिए 19 जनवरी रविवार दोपहर 2.30 बजे से स्मृति नगर में राकेश भट्ट के निवास पर बैठक रखी गई है । प्रातांध्यक्ष राकेश भट्ट व जिलाध्यक्ष संजय शर्मा ने सभी स्वजातीय से बैठक में शामिल होने की अपील की है।

### खुर्सीपार के कब्जेदारों को नोटिस

**भिलाई।** नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र का जोन क्रमांक 4 में खुर्सीपार में बैकलॉग सीवरेज पाइपलाइन संधारण का कार्य किया जा रहा है। इसमें प्रमुख समस्या स्थानीय निवासियों द्वारा शिवरेज पाइपलाइन के ऊपर मकान बना लेना है। इससे पाइपलाइन बिछाने का कार्य में रुकावट आ रही है। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डे जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, निगम की कार्यपालन अभियंता रवि सिन्हा एवं कार्य करने वाली एजेंसी को लेकर के आज उसे क्षेत्र में भ्रमण किये। मौके पर जाकर देखें अधिकांश जगहों पर अवैध रूप से मकान या दुकान निर्माण करके लोग निवास कर रहे हैं। जबकि वह पाइप लाइन लोगों के सीवरेज निकासी का प्रमुख माध्यम है। उसको करना अति आवश्यक है। निगम द्वारा सभी अवैध कब्जाधारियों को कब्जा हटाने के लिए नोटिस दिया गया है। अभी तक कब्जा खाली नहीं किया गया । आयुक्त पाण्डेय द्वारा चारों तरफ से निरीक्षण किया गया।

### जेके लक्ष्मी के कर्मी को ट्रक ने मारी ठोकर मौत



**भिलाई।** ट्रक की ठोकर से बाइक सवार युवक की मौके पर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी टीआई मनीष शर्मा ने बताया कि नंदिनी खुंदनी निवासी हिमांशु जांगडे नामक 26 वर्षीय युवक जेके लक्ष्मी में काम करता था। काम से छुट्टी होकर घर निकल रहा था। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रही ट्रक सीजी 07 बीआर 7162 के चालक ने बाइक सीजी 07 ए डब्लू 5857 में सवार हिमांशु को अपने चपेट में लिया। हादसे में युवक की मौके पर मौत हो गई। शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है।

### सीआईएसएफ जवान और फायर सेफ्टी के छात्रों ने जाना ट्रैफिक की जानकारी

**भिलाई।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के दौरान सीआईएसएफ के जवानों और फायर सेफ्टी के छात्रों को ट्रैफिक से जुड़ी जानकारी देकर जागरुक किया गया। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा ने बताया कि आम नागरिको और सडक उपयोगकर्ताओं को सडक सुरक्षा की गंभीरता, चुनौती के बारे में जागरूक किया जा रहा है। प्रतिदिन अलग अलग विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर वाहन चालको को जागरूक किया जा रहा है।

# बीच-बीच में आ रही बदली, इससे ठंडी व गर्मी का भी एहसास

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

बंगाल की खाड़ी से आ रही नमी के चलते बुधवार को मौसम नरम-गरम रहा। अलसुबह आसमान पर कोहरे छाए रहे। ऐसा लग रहा था मानो बारिश हो जाएगी। घंटेभर बाद धूप में निकली। दोपहर से शाम तक बीच-बीच में बदली आती व जाती रही। जिसकी वजह से लोगों को ठंडी और अचानक गर्मी का एहसास होने लगता। पूरे दिन इसी तरह की स्थिति लोगों को देखने मिली। शाम होते ही ठंड बढ़ गई। मौसम विभाग के मुताबिक खाड़ी से नमी का आगमन लगातार जारी है जिसकी वजह से मौसम में इस तरह का बदलाव देखने को मिल रहा है।

## दो दिनों तक न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री गिरने की संभावना

### लोगों के सेहत पर पड़ रहा विपरीत प्रभाव

मौसम के हर दिन उतार-चढ़ाव का असर लोगों के सेहत पर पड़ने लगा है। लोग बीमार पड़ने लगे हैं। सर्दी, खांसी और बुखार से लोग ज्यादा पीड़ित हो रहे हैं। डॉक्टरों के मुताबिक इन दिनों विंटर वायरल फैला हुआ है। जिसकी वजह से लोगों में बीमारी एक दूसरे पर फैल रही है। घर का एक सदस्य यदि बीमार पड़ जाता है तो उसक संक्रमण दूसरे पर फैल रहा है। ज्यादातर घरों में यह स्थिति देखी जा रही है।



### सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में भीड़

विंटर वायरल की वजह से सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों व क्लीनिकों में पीड़ितों की भीड़ बढ़ गई है। जिला अस्पताल, सिविल अस्पताल सुपेला, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे रहे हैं। मोहल्ले के प्राइवेट क्लीनिकों में लोग इलाज करवा रहे हैं। डॉक्टर बताते हैं कि खांसी लोगों को लंबे समय तक जकड़ कर रखा है। लोग दवा खाने के बाद भी 15 से 20 दिन हो गए लेकिन खांसी रूकने का नाम ही नहीं ले रही है। लोग इसलिए खासे परेशान हैं।

### अधिकतम तापमान सामान्य से रहा ज्यादा

मौसम विभाग के मुताबिक बुधवार को भिलाई दुर्ग का अधिकतम तापमान 29.5 डिग्री सेल्सियस रहा। यह सामान्य से 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक है। न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दो दिनों तक न्यूनतम तापमान दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। दिन का तापमान 27 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रह सकता है। आसमान पर बादल भी छाए रह सकते हैं और ठंडी का एहसास भी होता रहेगा।

## दहेज प्रताड़ना का अपराध दर्ज करने की धमकी दिया करती थी, 17 लाख 50 हजार की ठगी

# शहर के जैन परिवार से शादी के नाम पर ठगी इंदौर की लुटेरी दुल्हन गैंग का भाई गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

शादी का झांसा देकर एक परिवार से लाखों रुपए का ठगी करने के मामले में इंदौर की लुटेरी दुल्हन गैंग का तथाकथित भाई पुलिस गिरफ्त में आया है। पीड़ित के शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 420, 120 बी के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी रही। दुर्ग कतोवाली टीआई विजय यादव ने बताया कि दुर्ग निवासी संतोष जैन नामक युवक की शादी मई 2023 को इंदौर निवासी शादी कराने वाली दलाल सरला जैन ने भारती जैन नामक महिला से कराया था। लेकिन तीन दिनों बाद फर्जी शादी का खुलासा हो गया। पीड़ित से शादी कराने के नाम पर कथित भाई बनकर अशोक नगर इंदौर निवासी संतोष शर्मा, शांतिलाल जैन, सरला जैन, संतोष जैन, महावीर जैन, महावीर गांधी, रीना जैन मिलकर शादी कराने का झांसा देकर 17 लाख 50 हजार रुपए का ठगी किया। अपने साथ हुए ठगी की जानकारी लगने पर परिजनों ने शिकायत दुर्ग कोतवाली पुलिस से की थी। पुलिस जांच के बाद सही पाए जाने पर लगातार कोतवाली दुर्ग पुलिस की टीम इंदौर पहुंचकर आरोपियों की तलाश करती रही लेकिन सभी आरोपियों का नाम नकली होने से कुछ भी पता नहीं चल पाया करता था। दुर्ग कोतवाली पुलिस ने दुल्हन भारती जैन का कथित भाई संतोष शर्मा का मोबाइल लोकेशन पुलिस लगातार ट्रेस करती रही।

कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी इंदौर के अशोक नगर मकान नंबर 571 में होने की जानकारी मिलने पर पुलिस ने दबिश देकर उसे पकड़ लिया। आरोपी संतोष शर्मा से पुलिस पूछताछ में कई चौकाने वाली जानकारी सामने आई है।



### देश भर में कई जगह चल रहा है शादी का फर्जी गैंग

पुलिस ने बताया कि आरोपी संतोष शर्मा के पकड़े जाने के बाद पता चला कि भरती जैन समेत उक्त सभी आरोपी शादी का झांसा देकर लोगों से इसी तरह ठगी करते है। जो शादी के बाद रुपए नहीं देता है उसे दहेज प्रताड़ना के नाम पर धमकी देकर रकम वसूलते है। कई परिवार तो लोकलाज की डर से पुलिस के पास तक नहीं जाते है। अब तक छत्तीसगढ़ समेत तमिलनाडु राज्य के कोयंबटूर, एमपी, मुंबई समेत कई शहरों में इस तरह के वारदात को अंजाम दे चुके है। इस गैंग का बड़ा कारनामा यह भी है कि पीड़ित के परिवार को दुल्हन के साथ नकली माता - पिता बनाकर पेश किया जाता है।

### कोयंबटूर में भी किया बड़ा फर्जीवाड़ा

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक कोयंबटूर निवासी जैन परिवार को पता चला कि इंदौर में दलाल सरला जैन नामक महिला जैन समाज की लड़कियों की शादी करवती है। पीड़ित से जब फोन पर बात होने के बाद कोयंबटूर का परिवार अप्रैल 2021 में इंदौर पहुंचा। सरला ने पहले उन्हे दादावाडी इलाके मे एक लड़की को दिखाया। परिजनों को लड़की पसंद आने के बाद सरला ने 10 लाख रुपये की डिमांड रखा। लेकिन दोनों के बीच सौदा 9 लाख रुपये में तय हुआ। मोतीलाल जैन ने लड़की के परिवार वालों को कोयंबटूर आने का न्योता दिया गया। जिसके कुछ दिनों बाद लुटेरी दुल्हन के साथ नकली पिता और अन्य रिश्तेदार भी कोयंबटूर पहुंचे। लेकिन अपनी गरीबी का बहाना बनाकर इस गैंग ने कपड़े के व्यापारी से ट्रेन के आने जाने की टिकट के 50 हजार रुपये, कोयंबटूर के होटल का मे रुकने का खर्चा करीब 2 लाख रुपए लिया। इनसे पीछा छुडाने के लिए उक्त परिवार से 50 लाख रुपए का ठगी किया था।

### हुआ है गिरफ्तार

"शिकायत के बाद पुलिस ने जगह-जगह दबिश दिया। मोबाइल लोकेशन के बाद कथित भाई को पुलिस ने इंदौर से गिरफ्तार किया है। शादी का झांसा देकर ठगी करने वाला यह गिरोह है। अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है। मामले में पूछताछ की गई है।

- **अभिषेक झा** एएसपी, दुर्ग

### पहले भी पकड़ा चुका है यह गैंग

"शादी कराने का झांसा देकर लोगों से ठगने वाले गिरोह पर पुलिस ने कार्रवाई की थी। करीब दो -तीन माह पहले की घटना है। इनका देश भर में गिरोह चलता है। विज्ञापन देख कर भी उनसे शादी के लिए पहुंच जाते है। अपने जाल में फांसकर ठगी करते है। छत्तीसगढ़ में इस तरह घटना होने की जानकारी है। ऐसे लोगों से सावधान रहना चाहिए।

**- राजेश त्रिपाठी**
डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर, मध्यप्रदेश

# सड़क पार कर रही वृद्ध महिला ट्रक की चपेट में आई, मौत





हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

सड़क पार कर रही वृद्ध महिला को ट्रक चालक ने चपेट में लिया। हादसे में वृद्ध महिला की मौके पर मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया। ट्रक को तुरंत जब्त कर चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। भिलाई

- मृतका बस से उतर सड़क पार कर रही थी

तीन पुलिस ने बताया कि वार्ड 37 सिरसा कला निवासी ललिता बाई सोनवानी 67 वर्ष कुछ दिन पहले अपने नातिन के घर डोंगरगढ़ गई हुई थी। बुधवार को अपने घर सिरसा लौट रही रही थी। इस दौरान दोपहर साढ़े 12 बजे के आसपास अपने महिला रिश्तेदार के साथ डोंगरगढ़ से वापस लौटकर सिरसा गेट चौक पर बस से उतर कर गांव जाने सड़क पार कर रही थी। तभी औद्योगिक क्षेत्र हथखोज से गौरव पथ होकर रायपुर की ओर जा रही ट्रक सीजी 07 सीके 9255 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए चौक पर मुड़ते समय ललिता बाई को चपेट में लिया।महिला रिश्तेदार हादसे को देख ट्रक रोकने शोर मचाना शुरु कर दिया। मगर वृद्ध महिला ट्रक के पिछले पहिए से घसीटती हुई करीब 30 फीट आगे निकल चुकी थी। भिलाई तीन पुलिस और हाइवे पेट्रोलिंग में तैनात आरक्षक नरेंद्र पात्रे 1753 और प्रकाश सूर्यवंशी 1764 ने महिला को ट्रक के नीचे से उठाकर शास्त्री अस्पताल सुपेला उपचार के लिए पहुंचाया। लेकिन डॉ. ने महिला को मृत घोषित कर दिया। भिलाई तीन स्थित सिरसा गेट चौक लगातार हादसे के चलते डेंजर पाइंट बन गया है। चौक पर पुरैन, रायपुर, हथखोज और भिलाई की ओर से अधिकांश आना जाना करती है। चौक पर ट्रैफिक व्यवस्था बेहतर नहीं होने से लोग हादसों का शिकार हो रहें है।

# चिट्टा की तस्करी करने वाले दो युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

चिट्टा की तस्करी करने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। सीएसपी हरिश पाटिल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ट्रांसपोर्ट नगर हथखोज निवासी सुरेन्द्र सिंह और कैलाश नगर जामुल विजेन्द्र पासवान को पकड़ा गया है। आरोपियों के पास से पुलिस ने अटल आवास कुरूद से 9.3 ग्राम हेराईन (चिट्टा)और इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, मोबाईल फोन जब्त किया है। सामानों की कीमत 90 हजार 500 रुपए आंकी गई है। इस कार्रवाई में एन्टी क्राईम और सायबर यूनिट, थाना जामुल की टीम का योगदान रहा है। क्राइम डीएसपी हेम प्रकाश नायक ने आरोपियों को पकड़ने के लिए टीम तैयार किया था। कार्रवाई में एसीसीयू प्रभारी निरीक्षक तापेश्वर नेताम,थाना प्रभारी जामुल कपिल देव पाण्डेय,एसीसीयू से प्र.आर.सगीर खान, चन्द्रशेखर बंजीर, आरक्षक भावेश पटेल, रिन्कू सोनी, राकेश अन्ना, गुनित कुमार, अजय गहलोत, महिला आरक्षक आरती सिंह, थाना जामुल से सउनि अजय सिंह, प्रधान आरक्षक अनिल सिंह, आरक्षक जी.सैमुअल, महात्मा साहू का योगदान रहा है।

- एसीसीयू व जामुल पुलिस को मिली सफलता

# हत्या का फरार आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

हत्या के फरार आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि 2 नवम्बर 2024 को लक्ष्मी मार्केट के पीछे कचरा मैदान सुपेला में धीरज महानंद उर्फ टकला को चाकू मारकर मौत की घाट उतार दिया गया था। घटना में दो युवक एक अपचारी बालक गिरफ्तार थे। इसमें आरोपी ईस्लाम नगर सुपेला निवासी संदीप महानंद घटना के बाद से फरार चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर सुपेला घड़ी चौक स उसे गिरफ्तार कर न्यायायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया है। इसे लेकर सुपाल टीआई राजेश मिश्रा की टीम ने आरोपी को पकड़ने लगातार खोजबीन कर रही थी। आरोपी को गिरफ्तार करने में टीआई राजेश मिश्रा, सउनि राजेश सिंह, प्रधान आरक्षक उपेन्द्र सिंह, सूर्य प्रताप सिंह, दुर्गेश सिंह, राजू राणा का अहम योगदान रहा है।

# दाई-दीदी क्लीनिक की जांच करने पहुंचे आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय दाई-दीदी क्लीनिक का आकस्मिक निरीक्षण किया। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में संचालित मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत दाई-दीदी क्लिनिक में केवल महिलाओं का इलाज किया जाता है, जो अपने आप में एक मिसाल है। सभी प्रकार के इलाज, 18 प्रकार का निशुल्क जांच एवं निःशुल्क दवा वितरित की जाती है। वहीं जांच करने के लिए सब लोग पैथोलॉजी लैब में जाते हैं हजारों पैसा खर्च होता है। वह शासन द्वारा प्रदाय सुविधा के अनुसार सुगम-सुलभ निःशुल्क होता है। सुबह जांच कराओ और शाम तक फोन के माध्यम से जानकारी मिल जाती है।

- 18 प्रकार जांच की जा रही क्लीनिक में




आयुक्त पाण्डेय ने इस दौरान निर्देश दिए कि दाई-दीदी क्लीनिक या मोबाईल मेडिकल यूनिट लगाने से पहले स्थानीय पार्षद एवं जनप्रतिनिधियों को पहले से सूचना देने के लिए कहें। जिससे सबको पता हो कि हमारे वार्ड में कहां पर दाई-दीदी क्लीनिक या मोबाईल मेडिकल क्लिनिक लग रहा है। इससे अधिकतम लोगों को शासन के सुविधा का लाभ मिलेगा। आयुक्त पाण्डेय को बुर्जुग महिला प्रेमी बाई 62 वर्षीय कोसानाला में मिली उसका स्वास्थ्य खराब था, उसे दाई-दीदी क्लीनिक में ले जाकर जांच कराकर ईलाज करवाये और उसको घर तक छोड़े।

एरिया प्रोजेक्ट मैनेजर इशांन शर्मा जानकारी भी प्राप्त किए की दवाई बराबर आ रही कि नहीं। उन्होने बताया कि अभी पूरी दवाई मिल रही है हम सबको वितरित कर रहे हैं। कुछ ऐसे वृद्ध पुरुष जो बाकी जगह दवा नहीं ले पाते हैं इमरजेंसी में वह आ जाते हैं तो उन्हें भी उनकी स्थिति देखकर दवा दिया जाता है।

## ऑटो चालक पिता ने मासूम बेटे से निकलवायी प्रधानमंत्री आवास के लिए लॉटरी

# अफसर नहीं सुने तो मुझसे संपर्क करें आम जनता: विधायक ललित

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

किसी भी तरह की समस्या हो तो निगम के अधिकारी से मिले। समस्या का समाधान या अनदेखी करने पर नागरिक सीधे मुझसे संपर्क करे। उक्त बातें उपाध्यक्ष राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कही। रिसाली निगम के सभागार में आयोजित प्रधानमंत्री आवास आवंटन कार्यक्रम के वे मुख्य अतिथि थे। उनकी मौजूदगी में ही रूआबांधा निवासी रामबाबू साहू ने प्रदीप्ती नगर स्थित आवास के लिए 2 वर्ष के बेटे से लॉटरी निकलवाया। उसे बी ब्लॉक सेकेण्ड फ्लोस में 18 नंबर का आवास मिला।



लॉटरी से आवास आवंटन के बाद विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में प्रधानमंत्री आवास को पहले पायदान पर रखा गया है। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पूर्व दुर्ग ग्रामीण के नगपुरा ग्राम में केन्द्रीय मंत्री शिवराज चैहान आए थे। प्रधानमंत्री आवास 2.0 में कुछ विसंगति की ओर ध्यान दिलाते सुगम करने के अनुरोध को उन्होंने स्वीकार कर लिया है। अब जिनके पास 2.50 एकड़ जमीन है चाहे वह सिंचित हो या असिंचित, जिनके पास गाड़ी है उन्हें भी योजना का लाभ मिलेगा। जिनकी आय 10 है अब 15 हजार कमा रहा है उसे भी आवास मिलेगा। विधायक ललित ने कहा कि मोदी जी की पहल पर 70 प्लस वालों को 5 लाख का मुफ्त ईलाज सुविधा मिल रहा है।

## 48 पसरा लगाने वालों को मिला चबूतरा

**भिलाई।** सड़क किनारे पसरा लगाकर सामान बेचने से फुटकर व्यापारियों को छुटकारा मिल गया। नगर पालिक निगम रिसाली ने मौहारी मरोदा में बने (पौनी पसारी) चबूतरा का आवंटन किया। आवंटन लॉटरी निकालकर किया गया। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर और महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर विशेष रूप से उपस्थित थे। दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने इस अवसर पर कहा कि डबल इंजन वाली सरकार किसान से लेकर फुटकर व्यापारी तक के जीवन यापन के लिए सोचती है। यही वजह है कि आज फुटकर व्यापारियों को सम्मान के साथ व्यापार करने चबूतरा दिया जा रहा है। मौहारी मरोदा में चबूतरा आवंटन के लिए हितग्राहियों ने अतिथियों की उपस्थिति में लॉटरी निकालकर चबूतरा अपने नाम किया। इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, एमआईसी जहीर अब्बास, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, संजू नेताम, अनिल देशमुख, डॉ.सीमा साहू, परमेश्वर, पार्षद माया यादव, ईश्वरी साहू, विलास बोरकर, मण्डल अध्यक्ष राजू जंघेल, अनुपम साहू, निगम आयुक्त मोनिका वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जाम से मिलेगी मुक्ति

वर्तमान में फाटक के किनारे सड़क पर लोग पसरा लगाकर व्यापार करते थे। यही वजह है कि कई बार दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। जाम और दुर्घटना से बचने आयुक्त मोनिका वर्मा ने सर्वे पश्चात फुटकर व्यापारियों से आवेदन मांगे थे। चबूतरा आवंटन के बाद आजीविका मिशन ने फुअकर व्यापारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। मिशन मैनेजर ने फुटकर व्यापारियों के लिए कार्यशाला का आयोजन किया। सिटी मिशन मैनेजर ने फुटकर व्यापारियों को कारोबार बढ़ाने प्रधानमंत्री ऋण सुविधा के बारे में विस्तार से बताया।

एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
- ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
- पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
- एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को
अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या
अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न
नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# 10 साल के बाद फिर से मशीन से निकाय चुनाव कराने की तैयारी में जुटा प्रशासन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

हाल ही में राज्य शासन द्वारा नगरीय निकाय चुनाव ईव्हीएम मशीन द्वारा कराए जाने के फैसले के बाद जिला प्रशासन द्वारा तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वर्ष 2014 में ईव्हीएम से मतदान होने के बाद अभी इसका दुबारा उपयोग होगा। खासबात यह है कि, मशीन में मेयर प्रत्याशियों के नाम में सफेद कलर और पार्षदों के नाम में गुलाबी कलर मतपत्र में इंगित किया गया हैं।

बीते 10 साल के बाद अब फिर से मशीनों से चुनाव करने की तैयारी की जा रही है। इसके लिए बीते साल से बंद सभी मशीनों की पेटियों को खोल दिया गया है। बारी-बारी से सभी मशीनों की जांच की जा रही है। मशीनों की जांच के बाद जो सही पाए जाएंगे उसका उपयोग नगरीय निकाय चुनाव में करेंगे और जो खराब होंगे, उन मशीनों को जमा करके एक था हैदराबाद भेजा जाएगा। स्थानीय जिला निर्वाचन के अधिकारियों ने बताया कि 2014 में नगरीय निकाय चुनाव मशीन से कराई गई थी। उस समय नगर निगम दुर्ग-भिलाई सहित जिले के कुछ निकायों का का चुनाव इन्ही मशीनों से किया गया था। इस बीच वर्ष 2019 में कांग्रेस की सरकार ने बैलेट से चुनाव कराया था। वर्ष 2014 में पिछला नगर निगम भिलाई, रिसाली आदि का चुनाव बैलेट पेपर से हुआ था। मशीनों का उपयोग नहीं करने की वजह से जिला प्रशासन ने इन मशीनों को महिला आईटीआई दुर्ग में सुरक्षित रखा था। हांलाकि पंचायत चुनाव बैलेट पेपर से कराए जाने की तैयारी हैं।

## वर्ष 2014 के नगरीय निकाय चुनाव में किया गया था मशीन का उपयोग

### 4577 बीयू और 2231 सीयू की होगी जांच

जिले में कुछ 4577 बीयू (बैलेट यूनिट) औश्र 2231 सीयू(कंट्रोल यूनिट) है। इन सभी की जांच करनी है। इसमें 2 बीयू और 3 सीयू खराब मिला है। अब तक 617 बीयू और 74 सीयू की जाचं कर ली गई है। 17 जनवरी तक सभी मशीनों की जांच जानी है। इसके अलावा मध्यप्रदेश 960 बीयू और 320 सीयू चुनाव के लिए दुर्ग भेजा गया है। इन मशीनों का भी उपयोग दुर्ग संभाग के नगरीय निकायों में किया जाएगा। दुर्ग जिले के लिए जिला प्रशासन के पास पर्याप्त मशीनें है, लेकिन आसपास के जिलों में बाकी के मशीनों को भेजा जाएगा।



### अंतिम प्रकाशन की तिथि बढाई

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा एक बार फिर अंतिम प्रकाशन की तिथि बढा दी गई हैं। चौदह जनवरी को जारी आदेश अनुसार अब पंचायत व निकाय के मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 18 जनवरी 2025 को किया जाएगा, इसके पहले पन्द्रह जनवरी को पंचायत व निकाय का अंतिम प्रकाशन किए जाने के निर्देश जारी किए गए थे। बहरहाल माना जा रहा है कि, निकाय के बाद पंचायत चुनाव कराया जाएगा।

## खबर संक्षेप



### संभाग आयुक्त ने तहसील कार्यालय का किया निरीक्षण

**दुर्ग।** संभाग आयुक्त एसएन राठौर ने तहसील कार्यालय धमधा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मौके पर उपस्थित तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार को राजस्व मामले विशेषकर त्रुटि सुधार के प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करने निर्देशित किया गया है।

### जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक संपन्न

**दुर्ग।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित की गई है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ मनोज दानी के दिशा-निर्देश एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ भूमिका वर्मा के मार्गदर्शन में कार्यक्रम के अंतर्गत सभी विभागों में कोटपा चालानी कार्यवाही नियमित करने और सभी शैक्षणिक संस्थान तंबाकू मुक्त क्षेत्र घोषित करने के लिये चर्चा की गई। इसी प्रकार सभी शासकीय संस्थाओं को भी तंबाकू मुक्त क्षेत्र बनाये जाने हेतु विभाग प्रमुखों को कोटपा एक्ट 2003 अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही करने हेतु चर्चा की गई। बैठक में एडीएम अरविन्द एक्का, वन मंडलाधिकारी चन्द्रशेखर परदेशी, सहायक कलेक्टर एम भार्गव, अपर कलेक्टर मुकेश रावटे, सिविल सर्जन डॉ एचके साहू उपस्थित थे।

### किसानों से 50 लाख क्विंटल धान खरीदी

**दुर्ग।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में जिले के 87 सहकारी समितियों के अंतर्गत 102 उपार्जन केन्द्रों के माध्यम से 98079 किसानों से 5,00,198,84 मीट्रिक टन धान की खरीदी की जा चुकी है। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक से प्राप्त जानकारी अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के लिए समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य 31 जनवरी 2025 तक किया जाएगा। धान उठाव के लिए 4,43,224,51 मीट्रिक टन धान के लिए डीओ और टीओ जारी किया गया है। अब तक 3,30,257,94 मीट्रिक टन धान का उठाव हो चुका है। 24363 किसानों ने धान बिक्री के पश्चात 544,35 हेक्टयेर रकबा समर्पण किया है। समितियों में धान खरीदी हेतु बारदाने की पर्याप्त उपलब्धता है।

### तैयारी : चयन समिति में विधायक और सांसद सहित तीन नामित सदस्य होंगे

# पार्षदों का 21 और मेयर प्रत्याशियों की घोषणा 22 को करेगी भाजपा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

दुर्ग। भाजपा द्वारा नगरीय और पंचायत चुनाव के लिए प्रत्याशियों का चयन करने तगडी रणनीति तैयार कर ली गई है। पार्षदों से लेकर निकायों के अध्यक्षों के चयन के लिए तीन स्तर की कमेटी तैयार की गई है। सबसे बडी बात नीचे स्तर के पदाधिकारियों को साधने मंडल अध्यक्षें की भी कमेटी बनाई गई है। मंडल की कमेटी द्वारा ही निकाय और पंचायतों के प्रत्याशियों का तीन तीन पैनल तैयार कर आगे भेजेगी। भाजपा ने कमेटी तैयार करने के साथ ही प्रत्याशियों की घोषणा की भी तिथि तैयार कर ली है, जिसके अनुसार आगामी 21 जनवरी को जहां निकाय और पंचायत के प्रत्याशियों की घोषणा होगी, वहीं 22 जनवरी महापौर के प्रत्याशियों के नाम की भी विधिवत पार्टी घोषणा कर देगी।

विगत चौदह जनवरी को जिला भाजपा कार्यालय में निकाय और पंचायत चुनाव को लेकर मैराथन बैठक रखी गई थी। जिसमें मंडल स्तर की कमेटी भी गठित कर ली हैं। भाजपा द्वारा इस बार मंडल अध्यक्षों को पूछपरख के साथ पैनल बनाने की बडी जिम्मेदारी दी हैं। जानकारी अनुसार भाजपा द्वारा 19 मंडल स्तरीय चयन कमेटी बनाई गई हैं। इसमें सबसे पहले विधायक को रखा गया है। उनके साथ जिला पदाधिकारी और जिला भाजपा ने तीन तीन नाम अलग से नामांकित किए है। इनके जरिए पार्षद, अध्यक्षों और पंचायत के लिए तीन तीन नाम का पैनल तैयार किया जाएगा। सदर गौरवपथ मंडल, पं दीनदयाल मध्य मंडल, चंडी शीतला मंडल, सिकोला पटरीपार मंडल, कसारीडीह बोरसी मंडल निकाय के लिए मंडल समिति बनाई हैं। इसी तरह त्रिस्तरीय चुनाव के लिए मंडल चयन समिति में अंजोरा मंडल, अंडा निकुम मंडल शामिल हैं। निकाय के लिए उतई मंडल व पंचायत के लिए भी उतई मंडल के लिए नाम चयनित किए गए हैं। वहीं पाटन, अमलेश्वर, जामगांव आर मंडल, दरबार मोखली मंडल, कुम्हारी मंडल, धमधा मंडल, बोरी लिटिया मंडल में मंडल स्तर पर समिति का गठन किया गया है। इसमें नगरीय और पंचायत दोनो स्तर पर मंडल समिति गठित की गई हैं।

## भाजपा ने जिले के 19 मंडल में चयन समिति का किया गठन




### सांसद संभालेंगे पाटन मंडल की कमान

जानकारी अनुसार सांसद विजय बघेल को पाटन मंडल पंचायत व निकाय, अमलेश्वर निकाय व पंचायत, जामगांव आर अंडा, दरबार मोखली मंडल, कुम्हारी मंडल व धमधा में निकाय व पंचायत मंडल में शामिल किया गया हैं। इनके साथ ही कमेटी में जिला पदाधिकारी शामिल हैं, वही इन मंडल में जिला भाजपा द्वारा सुझाए गए तीन तीन नाम भी शामिल हैं।

### विधायक सहित तीन सदस्यीय कमेटी

भाजपा द्वारा मंडल स्तरीय चयन समिति में विधायको के साथ तीन सदस्य नामांकित किए गए हैं। इसके आलावा मंडल अध्यक्ष व मंडल स्तर के पदाधिकारी कमेटी में रहेगें। सदर गौरवपथ मंडल, चंडी शीतला मंडल, सिकोला पटरीपार मंडल और कसारीडीह बोरसी मंडल के लिए विधायक गजेन्द्र यादव सहित जिला पदाधिकारी भी शामिल हैं। वही जिला भाजपा द्वारा तीन अलग से नाम मंडल कमेटी में रखे हैं। इसी तरह अंजोरा मंडल, अंडा निकुम, उतई निकाय व पंचायत के लिए विधायक ललित चंद्राकर के साथ इन्हें ग्रामीण में सिर्फ एक एक जिला पदाधिकारी दिया गया हैं, वही निकाय में इनके साथ एक भी जिला पदाधिकारी नही होगें।

### ऐसी होगी चयन की प्रक्रिया

जानकारी अनुसार निचले स्तर पर गठित चयन समिति तीन तीन नाम का पैनल जिला भाजपा को भेजेगी। फिर जिला संभाग स्तर पर गठित कमेटी को भेजेगी। वही संभाग स्तर प्रत्याशी की घोषणा करेगी। लेकिन उन्हें प्रदेश संगठन से अनुमोदन लेना जरूरी होगा। बताया गया कि, पार्षद और नगर पंचायत के अध्यक्षों की घोषणा संभागीय कमेटी करेगी। वही जिला पंचायत सदस्य का संभागीय से अनुमोदन के साथ जिला कमेटी घोषणा करेगी। वही जनपद सदस्य और सरपंचों के लिए मंडल स्तर से घोषणा होगी।

### नाराजगी पर यहां कर सकेंगे अपील

भाजपा ने नीचले स्तर के पदाधिकारियों को साधने के आलावा नाराजगी होने पर अपील समिति का भी गठन किया हैं। बताया गया कि, टिकट वितरण में नाराजगी पर पक्षकार प्रदेश स्तरीय अपील समिति जा सकते हैं।

## धान उपार्जन केन्द्रों में कलेक्टर ने दी दबिश



**दुर्ग।** कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज धमधा विकासखण्ड के विभिन्न धान उपार्जन और संग्रहण केन्द्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस क्रम में उन्होंने ग्राम पंचायत बोरी शाखा के सेवा सहकारी समिति मर्यादित लिटिया के धान संग्रहण केन्द्र का दौरा किया। केन्द्र में अब तक 29,498 मीट्रिक टन धान का भंडारण किया जा चुका है, जो लिटिया, सेमरिया, जोगीगुफा, पुरदा, गाडाडीह और करेली ग्राम पंचायतों से लाया गया है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने समिति प्रबंधक और किसानों से चर्चा करते हुए उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने भंडारित धान को सुरक्षित रखने के लिए उसे ढ़ककर रखने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### योग आयोग अध्यक्ष से मिले मुकेश, अजय

**दुर्ग।** पूर्व संभाग संगठन मंत्री रुपनारायण सिन्हा को छग शासन द्वारा योग आयोग का अध्यक्ष बनाये जाने पर मुकेश सोनकर भाजपा युवा मोर्चा जिला महामंत्री दुर्ग एवं अजय चंद्राकर भाजपा नेता ने सौजन्य भेट कर बधाई दी।



## सड़क में डाला कचरा, नगर निगम ने लगाया दुकानदारों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- दो हजार पांच सौ रुपए वसूला जुर्माना

दुकानदारों द्वारा अपने प्रतिष्ठान के सामने खुले मे कचरा फेकने वालों को अर्थदंड लगाया गया है। नगर निगम द्वारा गठित निगरानी दल ने शहर के अलग-अलग इलाकों में सफाई व्यवस्था जांची। इस दौरान नाले में कचरा फेंकने के मामले में कुछ लोगों से जुर्माना वसूल किया गया। वहीं जांच के दौरान दुकानों के बाहर कचरा फेंकना पाया गया। स्थल पर कचरा फैलाने, झिल्ली पन्नी में सामान बेचने, अपने दुकान के सामने डस्टबिन नहीं रखने वाले व्यापारियों पर निगम ने अर्थदंड लगाया। दो हजार पांच सौ रुपये चालान वसूला गया। निगम टीम द्वारा क्षेत्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान सड़क पर गंदगी फैलाने वालों पर कार्रवाई की गई। शहर की सफाई सहित प्रतिबंधित पॉलीथिन और डिस्पोजल पर नजर रखने निगम आयुक्त द्वारा निगरानी दल का गठन किया गया है। निगम के निगरानी दल ने शहर के अलग-अलग इलाकों का भ्रमण कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया। निगरानी दल ने वार्ड 59, 60 व 21 में कचरा डालने के मामले में जुर्माना वसूल किया। इस दौरान टीम ने प्रतिबंधित डिस्पोजल का विक्रय के मामले में किराना स्टोर के संचालक को डिस्पोजल नहीं रखने की बात कही।



## नवनियुक्त भाजपा जिला अध्यक्ष का किया स्वागत

**दुर्ग।** भारतीय जनता पार्टी दुर्ग जिला अध्यक्ष के रूप में सुरेंद्र कौशिक के निर्वाचित होने के पश्चात दुर्ग भिलाई क्षत्रिय लोधी समाज दुर्गा इकाई के द्वारा लोधी उत्कृष्ट संस्थान बोरसी रोड में जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का अभिनंदन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा



जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विशिष्ट अतिथि मंडल अध्यक्ष राजीव जंघेल, रमेश पटेल पूर्व महामंत्री प्रदेश लोधी समाज, पूरन वर्मा ,अरविंद चंदेल ,जतन दमाहे उपस्थित रहे। आयोजित कार्यक्रम में लोधी समाज के सामाजिक बंधुओं के द्वारा भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक का साल श्रीफल देकर अभिनंदन दिया गया। कार्यक्रम में दुर्ग भिलाई क्षत्रीय लोधी समाज से मलखान सिंह लोधी दुर्ग मध्य इकाई अध्यक्ष, जतन दमाहे दुर्ग उत्तर इकाई अध्यक्ष, देवेंद्र कौशिक, दिलीप

### 43 वर्ष तक आयोजन करवाना अपनापन से ही सम्भवः सुरेश

# माहेश्वरी समाज एकता का प्रतीकः राठी

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग के 43वें वार्षिक उत्सव के समापन अवसर पर स्नेह सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जो की पंचवटी मैरिज पैलेस में संपन्न हुआ।

स्नेह सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संयुक्त मंत्री अखिल भारतवर्षीय माहेश्वरी महासभा दिनेश राठी नागपुर ने श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग एवं स्थानीय माहेश्वरी महिला मंडल एवं माहेश्वरी युवा संगठन के समन्वय की प्रशंसा करते हुए कहा कि, माहेश्वरी समाज दुर्ग की सामाजिक एकता पूरे भारतवर्ष में अद्वितीय है, ऐसी सामाजिक एकता व समन्वय बहुत कम स्थानों में ही देखने को मिलता है। उसमें भी दुर्ग का विशेष महत्व है। महासभा में जीवनसाथी चयन कार्यक्रम के कारण छत्तीसगढ़ प्रदेश सभा व श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग का विशेष नाम है। उन्होंने कहा कि महिला पुरुष का अनुपात दुर्ग जिले में लगभग समान है। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश माहेश्वरी सभा सुरेश मूंधड़ा ने कहा 43 वर्ष तक एक सप्ताह तक चलने वाले आयोजन को लगातार करवाना ही अपने आप में असंभव सा व चुनौतीपूर्ण कार्य है।



### सोशल मिडिया के प्रति जागरूक

सोशल मीडिया के दुष्प्रभाव के शीर्षक पर जागरूक करने सहसंयोजकगण उदित राठी, भाग्यश्री राठी व उर्वशी गांधी एवं प्रभारीयों की टीम ने 130 से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। सांस्कृतिक संध्या के पश्चात 5 से लेकर 11 जनवरी तक हुए विभिन्न आयोजनों के प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर रहे प्रतिभागियों को पुरस्कार वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति सदस्य मोहन राठी, मंडल सदस्य विट्ठल भूतड़ा एवं ओम प्रकाश टावरी, प्रबंध न्यासी छत्तीसगढ़ महेश सेवा निधि बालकिशन झंवर आदि उपस्थित थे।

### अब तक के सफर की दी जानकारी

स्वागत भाषण अध्यक्ष श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग अशोक राठी ने दिया। सचिव श्री माहेश्वरी पंचायत दुर्ग, डॉ शंकर दम्माणी ने किये गए कार्यों की जानकारी देते हुए पूरे वर्ष का प्रतिवेदन पढ़ा। सहसचिव महिला मंडल डॉक्टर सविता राठी व अध्यक्ष युवा संगठन निखिल भूतड़ा ने अपने संगठन के कार्यों की जानकारी प्रस्तुत की। संयोजक राकेश चांडक ने कार्य की तैयारी से लेकर उसके संपन्न होने तक की यात्रा में समाज के विभिन्न पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से मिले सहयोग एवं अनुभव को साझा किया।




## खबर संक्षेप



### योग आयोग अध्यक्ष सिन्हा का हुआ स्वागत

जामगांव आर। छत्तीसगढ़ योग आयोग अध्यक्ष रूपनारायण सिन्हा का गृह ग्राम कुम्हली में भव्य स्वागत हुआ। सोसायटी अध्यक्ष तेजेंद्र पिपरिया, सरपंच डोमार साहू, उपसरपंच धनेश साहू, जामगांव आर भाजपा मंडल पूर्व महामंत्री प्रमोद जैन सहित ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत। कुमलेश्वर महादेव मंदिर में पूजा अर्चना कर जनहित कुशल दायित्व निर्वहन के लिए भगवान से आशीर्वाद की याचना किए।

## निधन

### दया बेन चावड़ा



**भिलाई।** मोहन नगर दुर्ग निवासी दया बेन पति स्व. देवराम भाई चावड़ा का निधन 88 वर्ष की उम्र में हो गया। उनका अंतिम संस्कार बुधवार को हरनाबांधा मुक्तिधाम में किया गया। वे पुत्र कमलेश चावड़ा, पुत्री चारुलता राठौर और रश्मि चौहान की मां तथा खिलेंद्र चौहान की बुआ थीं।

## छोटे बछड़ों को कुत्ते नोच कर खा गए, बिना चारे पानी के पशुओं की स्थिति दयनीय

# अज्ञात आवारा पशुओं को ग्रामीणों ने बनाया स्टेडियम में बंधक, प्रशासन मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमधा

**शासकीय गठन एवं कांजी हाउस को छोड़कर मिनी स्टेडियम में बनाया गया पशुओं को बंधक**





ब्लाक के ग्राम पंचायत बरहापुर में ग्रामीणों द्वारा ग्राम में बने मिनी स्टेडियम मैदान में अज्ञात पशुओं को बंधक बनाकर रख लिया गया है जिसके लिए कोई भी किसी भी प्रकार की दाने-पानी की चारे की व्यवस्था नहीं की गई है जिसके चलते पशुओं की हालत बदतर हो गई है। अव्यवस्था का आलम इस कदर मानवता के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है कि आवारा कुत्ते छोटे-छोटे जन्मे बच्चों को अपना शिकार बना रहे हैं जिसमें से एक बछड़े को कुत्ते के द्वारा नोच नोच कर खा लिया गया है। बावजूद किसी भी व्यक्ति को पशुओं के प्रति दया भावना नहीं दिखाई पड़ रही है।

इस पूरे मामले में बंधक बनाने वाले ग्रामीण लोग अज्ञात हैं जो कि गांव में ही बेटू के नियम बनाकर ऐसे पशुओ को बंधक बनाकर उन पर ज्यादती करते हैं। जिसकी जांच प्रशासन को करनी आवश्यक है इस प्रकार से पशुओं को ईर्ष्या एवं देश भावना वर्ष खुले मैदान में बिना चारे पानी के बंद कर देना वही गायों के नए प्रजनन बछड़े को भी कड़की की ठंड में खुले आसमान में छोड़ देना आखिरकार यह नीति किसकी है यह जानना एवं उस पर पशु क्रूरता अधिनियम के तहत कानूनी कार्यवाही करना अति आवश्यक है।

वहीं इन ग्रामीणों द्वारा पशुओ के प्रति क्रूरता पूर्वक व्यवहार इतनी बढ़ गई है कि सरकार द्वारा बनाए गए गौठान जहां पर सेड निर्माण होने की वजह से पशु आसानी से बैठ पाते या सरकार द्वारा निर्मित कांजी हाउस जहां गायों को रखने के लिए व्यवस्था रहती है ऐसी जगह में न रखकर स्टेडियम में खुले आसमान के बीच इस कड़ाके की ठंड में पशुओं को भूखे प्यासे रखा गया है। जिससे उन्हें भूखे मरने की नौबत आ पड़ी है। वही एक तरफ सरकार पशुओं के संरक्षण के लिए अपने छवि को चमकाती है और एक तरफ बहुत चर्चित ब्लॉक धमधा में पशुओं से इस तरीके से व्यवहार ग्रामीणों द्वारा किया जा रहा है बावजूद कार्यवाही के नाम पर केवल विचार ही नजर आ रहे हैं।

## सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण का निर्माण करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी: सांसद विजय




हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत रिसाली के वार्ड 25, कृष्णा टॉकीज रोड, एस 2 एस कोचिंग के समीप आयोजित चौक सौंदर्यीकरण लोकार्पण कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल व दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर सम्मिलित हुआ। यह सुंदर एवं विकसित चौक वार्ड 25 की जनता को समर्पित किया। यह पहल क्षेत्र के विकास एवं स्वच्छता को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी क्षेत्रवासियों को इस नए सौंदर्यीकृत चौक की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

■ चौक सौंदर्यीकरण लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित हुए सांसद व विधायक

दुर्ग सांसद विजय बघेल और दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने चौक सौंदर्यीकरण परियोजना की प्रशंसा की है। यह परियोजना शहर के चौकों को सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए शुरू की गई है, जिससे न केवल शहर की सुंदरता में वृद्धि होगी, बल्कि यह शहर के नागरिकों के लिए भी एक सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण प्रदान करेगी।

वार्ड पार्षद मनीष यादव के प्रयासों से इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा किया गया है। उन्होंने अपने पार्षद निधि से 6 लाख रुपये की राशि से चौक सौंदर्यीकरण किया है, जो काबिले तारीफ है। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, वार्ड पार्षद मनीष बंटी यादव, रिसाली पूर्व मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शेंडे, रिसाली मंडल अध्यक्ष अनुपम साहू, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष राजू राकेश जंघेल, बूथ अध्यक्ष मनदीप प्रसाद, रिसाली नगर निगम नेता प्रतिपक्ष शैलेंद्र, पार्षद धर्मेंद्र भगत आदि उपस्थित थे।

## दीप जलाकर प्राण प्रतिष्ठा पर मनाया उत्सव



**सेलूद।** जय मां शीतला लक्ष्मी उत्सव समिति ग्राम सेलूद के द्वारा अयोध्या में राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर शीतला मंदिर परिसर में 2100 दीप जलाकर आतिश बाजी करके राम जी के प्राण प्रतिष्ठा पर राम के जयकारा लगाकर दीपोत्सव मनाया गया इस कार्यक्रम में सेलुद सरपंच खेमिन साहू, पूर्व सरपंच खेमलाल साहू कालेश्वर शुक्ला आशीष,विक्की,मनीष वर्मा, धन्नू,मोनू,मनीष, मोहनीश, ऋषभ आदि उपस्थित थे।

## बिजनेस साइट

## चौहान हीरो टू व्हीलर शोरूम का किया गया शुभारंभ






**भिलाई।** मारुती शोरुम के बगल राष्ट्रीय राजमार्ग-6, दुर्ग-राजनांदगांव बाईपास में स्थित चौहान ग्रुप के नए संस्थान ''चौहान हीरो'' टू व्हीलर शोरुम का शुभारंभ 15 जनवरी को हुआ। विधायक रिकेश सेन ने फीता काटकर शोरुम का उद्घाटन किया। इस दौरान विजय गुप्ता प्रबंध निदेशक, बी.के.इंजीनियरिंग कारपोरेशन मुख्य अतिथि के रुप में कार्यक्रम में उपस्थित रहे। इसके अलावा कार्यक्रम में मनीष पांडे राज्य कार्यकारिणी सदस्य भाजपा, अभिषेक गुप्ता प्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक भिलाई, पुरषोत्तम देवांगन भाजपा जिलाध्यक्ष भिलाई, विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत चौहान ग्रुप के संस्थापक एवं चेयरमेन अजय चौहान ने किया। संचालकगण सुरज चौहान एवं सन्नी चौहान भी कार्यक्रम में उपस्थित थे। चौहान आटोमोबाईल के सीईओ अंकित आनंद एवं दीपक एडव्हटाइजर्स के संचालक दीपक जैन और साथ ही समाज के कई गणमान्य नागरिक इस कार्यक्रम में इस दौरान उपस्थित थे।

## उदय महाविद्यालय में फ्रेशर्स पार्टी का किया आयोजन



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई, में बुधवार को बीएड फाईनल ईयर के छात्राध्यापकों ने बीएड फर्स्ट ईयर के छात्राध्यापकों के लिए 'फ्रेशर्स पार्टी' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुवात माँ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। फाईनल ईयर के छात्राध्यापकों ने फ्रेशर्स छात्रों का बैच एवं तिलक लगाकर बहुत ही गर्म जोशी के साथ स्वागत किया। रैंप वॉक, नृत्य, गायन, कविता एवं गेम आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। सीनियर छात्राध्यापकों ने अपने अनुभव साझा किये एवं जूनियर छात्रों को बीएड प्रशिक्षण के दौरान सीखने एवं सीखाने के अवसर को समझते हुए अपने व्यक्तित्व के विकास कर कर्तव्यों के पालन करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्राचार्या-डॉ. अलिपा साहू ने छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हे निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दिये। सहायक प्राध्यापिका डॉ. कलावती राव, डॉ. प्रभा साहू, डॉ. नीलम चौहान, डॉ. हेमंत जैन, प्रभा प्रसाद, पूर्णिमा साहू, रंजना त्रिपाठी, खूशबू वर्मा, रेश्मी बानो, अनिता साहू, कल्पना गुप्ता, सतनाम सिंह, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें। मंच का संचालन बीएड चतुर्थ सेमेस्टर प्रिया एवं कुसुम के द्वारा किया गया।

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## खेल हमारे शरीर मन को तंदुरुस्त रखने के साथ रखता है संगठित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद



■ सेक्टर 6 की व्हालीबाल टीम ने जीता पहला पुरुस्कार

आदर्श क्लब बाजार चौक सेलूद के तत्वावधान में व्हालीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के शुभारम्भ के मुख्य अतिथि डॉ मानसिंग यादव विशिष्ट अतिथि जयश्री वर्मा विशेष अतिथि खिलेश मारकंडे, खेमिन साहू, महेश्वर बंछोर, नेत्रपाल सिंह ने मैदान की पूजा अर्चना व खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया । डॉ मानसिग यादव ने अपने उदबोधन में कहा कि खेल हमारी शारीरिक और मानसिक स्थिति को सुधारने का अद्वितीय माध्यम है। जब हम खेल खेलते हैं, तो हमारे शरीर की कसरत होती है, हमारी हड्डियों, मांसपेशियों की मजबूती बढ़ती है और हम तंदुरुस्त और मजबूत बनते हैं। खेल करने से हमारा श्वास-नली सुचारू रूप से कार्य करता है और हमारा मस्तिष्क अच्छी तरह से समय चलत है। जब हम खेल खेलते हैं, तो हम साथी खिलाड़ियों के साथ ग्रुप में संगठित होते हैं और टीमवर्क की भावना बढती है। खेल हमें नेतृत्व करने की क्षमता देता है।खिलाड़ीयो को पुर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा व पाटन जनपद सदस्य खिलेश मारकंडे ने भी संबोधित किया ।

प्रतियोगिता में प्रथम पुरुस्कार 7001 रुपये व प्रतीक चिन्ह सेक्टर 6 की टीम ने जीती द्वितीय पुरुस्कार 5001 नगद व प्रतीक चिन्ह पुरैना भिलाई की टीम और तृतीय पुरुस्कार3001 रुपये नगद व प्रतीक चिन्ह डुंडेरा की टीम ने जीती । विशेष पुरुस्कारो में बेस्ट शॉटर 501 रु.डोमन मंडावी ,बेस्ट सर्विसर,संतु 501 रू.,बेस्ट सेन्टर हेमशंकर 501 रु.,बेस्ट बूस्टरबिल्लु राणा 501 रू. ,बेस्ट ब्लॉकर फिरोज 501 रू. को दिया गया । इस अवसर पर बलराम वर्मा, तारेन्द्र बंछोर, त्रिभुवन यदु, कीर्तन देवांगन, झम्मन यदु, दिनेश साहू, ढालसिंग देवांगन, भूपेश साहू, मनोज देवांगन, राज बंछोर, ललित यादव, रवि पटेल, कुणाल देवाँगन, प्यारे लाल साहू, मोनू साहू, देवेश साहू, होमेश यदु, तामसेन साहू श्रीधर साहू आदि उपस्थित थे।

# विधायक ललित ने मंचादुर में दी विभिन्न विकास कार्यों की सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



दुर्ग ग्रामीण विधायक व राज्य ग्रामीण एवं अन्य पिछड़ा वर्ग क्षेत्र विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष ललित चंद्राकर ने मंगलवार को ग्राम पंचायत मंचादुर में करोड़ों के विकास कार्य का लोकार्पण एवं भूमि पूजन विधिवत् पूजा अर्चना के साथ किया गया। ईदगाह के पास सामुदायिक भवन निर्माण कार्य लागत राशि 5.20 लाख रुपए , देवांगन समाज सामुदायिक भवन निर्माण लागत राशि 6.50लाख रुपए

■ मंचादुर में विकास कार्यों का किया भूमिपूजन व लोकार्पण

, शनि देव मंदिर के पास धर्मशाला भवन निर्माण कार्य लागत राशि 5 लाख रुपए , किसान कुटीर भवन निर्माण कार्य लागत राशि 13 लाख रुपए, पंचगैहा निषाद भवन निर्माणकार्य लागत राशि 6.50 लाख रुपए , खाद गोदाम एवं कार्यालय भवन निर्माण कार्य लागत राशि 25 लाख रुपए , प्राथमिक शाला में अतिरिक्त कमरा निर्माण कार्य लागत राशि 15 लाख, सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल भवन निर्माण कार्य 13 लाख रुपए लागत राशि की सौगात दी।

वहीं भूमिपूजन सीसी रोड निर्माण मनोहर यदु के घर से रामसुंदर यादव के घर तक लागत राशि 7.00लाख रुपए से निर्मित होने वाले नवीन विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक चंद्राकर ने क्षेत्र वासियों को मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा ग्रामीण क्षेत्र का विकास ही हमारे विकसित भारत का आधार है सड़क बिजली पानी जैसे मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करने के लिए 1 वर्षों में डबल इंजन भाजपा सरकार द्वारा अभूतपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की है और आगे या विकास की यात्रा अनवरत रूप से जारी रहेगा। इस अवसर पर रजनी बघेल, महिला मोर्चा अध्यक्ष रूखमणि साहू सरपंच दिलीप साहू, कॉलेज जनभागीदारी अध्यक्ष व युवा मोर्चा अध्यक्ष प्रवीण यदु, किसान मोर्चा व सोसायटी अध्यक्ष फलेंद्र राजपूत, नरेन्द्र सिंह, उपासना देवी, मंजू साहू, लक्ष्मीकांत साहू, चेलाराम साहू , माधव लाल साहू, संजीव शाश्वत, फलेंद्र सिंह बैस, उपसरपंच गजेन्द्र साहू, थानसिंह मंडावी, मंतराम यादव, बलराम निर्मलकर, महेश कुमार साहू, चांद खान, असलोक साहू,तोरण साहू,रवि गिरी गोस्वामी, दयालु राम यादव समस्त पंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## सफाई व्यवस्था में सुधार के लिए सीएमओ का अनूठा कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुम्हारी




नगरीय प्रशासन मंत्री व उपमुख्यमंत्री अरुण साव के मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद कुम्हारी द्वारा सफाई व्यवस्था को और भी अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से एक नई पहल की घोषणा की गई है। इस पहल का नेतृत्व नगर प्रशासक एस डी एम एवं सीएमओ ने किया है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य शहर को स्वच्छ, स्वस्थ और हरियालीयुक्त बनाना है।

नगर पालिका परिषद कुम्हारी के सीएमओ नेतराम चंद्राकर ने बताया की हमारा प्रयास है कि स्वच्छता और सफाई व्यवस्था को आधुनिक तकनीकों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से बेहतर बनाया जाए। नागरिकों की सहभागिता से ही एक स्वच्छ और सुंदर शहर का सपना साकार हो सकता है।

नियमित निरीक्षण के लिए सीएमओ इंजीनियर, पीआईयू ,आवास प्रेरक एवं पालिका दल की विशेष टीम का गठन किया गया है। निर्धारित सफाई टीम वार्डों में जाकर झाड़, नाली आदि का सघन सफाई कार्य करेगी। कचरा प्रबंधन को व्यवस्थित करने के लिए हर घर से कचरा संग्रहण की नई प्रणाली शुरू की गई है। इसके तहत गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग संग्रहित किया जाएगा। जैसा कि पूर्व में भी किया जा रहा है उसे और व्यवस्थित और सुचारू रूप से करने की आवश्यकता है।

वहीं स्वच्छता अभियान के तहत स्कूलों, कॉलेजों और स्थानीय समुदायों में जागरूकता अभियान चलाया जाएगा, ताकि लोग सफाई के महत्व को समझें और इसका पालन करें। नागरिकों की सुविधा के लिए एक मोबाइल एप और हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। अब नागरिक सफाई संबंधी शिकायतें सीधे दर्ज करवा सकेंगे। वहीं साफ-सुथरे वार्ड और नागरिकों को नगरपालिका द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया जाएगा। नगर पालिका की इस नई पहल को सफल बनाने के लिए सीएमओ नेतराम चंद्राकर ने विभिन्न माध्यमों से शहरवासियों से अपील की है कि वे स्वच्छता बनाए रखने में अपना योगदान दें। गीले और सूखे कचरे को अलग करें, सार्वजनिक स्थानों पर कचरा न फैलाएँ, और स्वच्छता अभियान में सक्रिय रूप से भाग लें।

## नाम परिवर्तन सूचना

मैं शपथकर्ती प्रेमीन निषाद उम्र 38 वर्ष पति स्व. जागेश्वर निषाद निवासी-भोई पारा करंजा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. की निवासी हूं। यह कि मेरे पुत्र के अंकसूची एवं शैक्षणिक दस्तावेजों में पुत्र का नाम इशांत कुमार निषाद (**ISHANT KUMAR NISHAD**) अंकित है। इसी प्रकार मेरे पुत्र के नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र में पुत्र का नाम इशांत कुमार निषाद अंकित है। यह कि, मेरे पुत्र के नाम से जारी भारत सरकार आधार कार्ड नं. 7644 4264 5291 में उस नाम धनुष कुमार निषाद (**DHANUSH KUMAR NISHAD**) अंकित है। यह कि मेरे पुत्र के सही व वास्तविक नाम इशांत कुमार निषाद (**ISHANT KUMAR NISHAD**) पिता जागेश्वर निषाद ( **JAGESHWAR NISHAD**) के नाम से उसे जाना और पहचाना जाए। साथ ही उसके आधार कार्ड में भी उसका सही नाम इशांत कुमार निषाद (**ISHANT KUMAR NISHAD**) पिता जागेश्वर निषाद ( **JAGESHWAR NISHAD**) दर्ज किया जाए।

आवेदिका
प्रेमीन निषाद उम्र 38 वर्ष पति स्व. जागेश्वर निषाद निवासी-भोई पारा करंजा भिलाई तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. मो नं 7389391630

## न्यायालय नायब तहसीलदार, तहसील बोरी जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र.-2024--2025
202411104400010/ अ- 6 / वर्ष 2023-24

**।। ईश्तहार ।।**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक कुलेश्वर पिता दुर्गाराम निवासी ग्राम देउरकोना तहसील बोरीबुजुर्ग जिला दुर्ग द्वारा ग्राम देउरकोना प.ह.नं.-1 राजस्व निरीक्षक मण्डल बोरीबुजुर्ग तहसील बोरी स्थित भूमिस्वामी हक में दर्ज खसरा नंबर 258 रकबा 0.80 हे. वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं। यह कि उपरोक्त भूमि के भूमिस्वामी गीताबाई पति केजूराम की मृत्यु दिनांक 21.12.2008 को हो गई हैं। भू-धारक गीताबाई पति केजुराम द्वारा अपने जीवन काल में आवेदित भूमि के अतिरिक्त कुल खसरा नंबर 13 कुल रकबा 7.26 हे भूमि को वसीयतप्राप्त कर्तागण कुलेश्वर पिता दुर्गा प्रसाद तथा कुल खसरा नंबर 07 कुल रकबा 6.57 (2) ललित पिता दुर्गाराम के पक्ष में पंजीकृत वसीयतनामा के माध्यम से पंजीयन दिनांक 24/02/2003 को निष्पादित किया गया हैं। चुकि वसीयत कर्ता गीताबाई पति दुर्गाराम द्वारा दर्ज भूमि का वसीयत बनाते समय त्रुटिवश खसरा नंबर 258 रकबा 0.80 हे छुटा था। जिसे वसीयतकर्ता द्वारा किये वसीयत में दर्ज नाम व विलेख के आधार नामांतरण पर किये जाने बाबत आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। जिस पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति/दावा हो तो वे नियत समय में स्वयं अथवा अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ सुनवाई दिनांक 29.01.2025 को या उसके पूर्व उपस्थित होकर अपना आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 30.12.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर
नायब तहसीलदार
बोरी

## चिंगरी में मंडई 22 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत चिंगरी में 22 जनवरी दिन बुधवार को भव्य मंडाई मेला का आयोजन रखा गया है, इस अवसर पर रात्रि कालीन 9 बजे राधा कृष्ण लोक कलाकार नाच पार्टी दुर्रे बंजारी जिला राजनंदगांव वालों की कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम के चंद्र हास साहू एवं राजेश देशमुख ने आसपास के ग्रामीण जन को अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर भव्य मंडाई मेला का आयोजन आनंद लेने के लिए अपील की है।

Health Town
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्सों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
क्षार-सूत्र चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
पाइल्स, फिशर, फिस्टूला विशेषज्ञ
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130



राइनोप्लास्टी
नाक को सही (रिशेपिंग) करना
कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

# सेक्टर 6 में सैकड़ों जर्जर आवास ढहाए, खंडहरों में बढ़ी अराजकता

## खंडहर क्वार्टरों में जान जोखिम में डालकर अभी भी निवासरत हैं कई लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टाउनशिप के सेक्टर 6 में बेजा कब्जा हटाओ अभियान के दौरान खंडहरों में बदले पचासों आवासीय ब्लाक चौतरफा परेशानी का कारण बने हुए हैं। मकानों के ढांचे और खंडहरों से अराजकता, बदइंतजामी के साथ क्षेत्र की बदसूरती की भी समस्या बढ़ रही है। बीएसपी कर्मी क्षेत्रवासियों ने समस्या के निदान की मांग नगर सेवाएं विभाग से की है। सेक्टर 6 में कब्जाधारियों को हटाने के लिए बीएसपी द्वारा अवैध कब्जा हटाओ अभियान के तहत पिछले दो साल के दौरान सैकड़ों बीएसपी आवासों को गिरा दिया गया है। आवासीय ब्लाकों के क्वार्टरों के खिड़की दरवाजे निकाल दिए गए हैं। मकानों के ढांचे खंडहरों के रुप में कई स्ट्रीट में हैं। पांच साल पूर्व भी 95 आवासीय ब्लाकों को जमींदोज किया गया था। इसके बाद सैकड़ों आवासों को गिराने के साथ खिड़की दरवाजे निकाल लिए गए। ताकि कब्जाधारी फिर से कब्जा ने करें और जर्जर मकानों से कोई हादसा हो। ब्लाकों को ढहाए जाने के बाद अधिकतर में बीएसपी को कब्जाधारियों से तो निजात मिल गई लेकिन अराजकता और अपराधिक गतिविधियों के बढ़ने का खामियाजा क्षेत्रवासियों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि ए मार्केट और बी मार्केट के निकट तोड़े गए कई खंडहरों में अराजकत तत्वों का जमावड़ा होता है और अराजक कारनामें बढ़ रहे हैं। आवारा लड़के शराब, गांजा आदि नशा करके लोगों से गालीगलौच लड़ाई करते रहते हैं। आवारा लड़के लड़कियों अश्लीली हरकतों में लिप्त रहने से आसपास के लोगों को शर्मिंदगी के साथ असुरक्षा का भय सताता रहता है। शाम होते ही झगड़े, चोरी, देहव्यापार आदि अराजक गतिविधियां और अंधेरा बढ़ जाता है। कई आवासों के खिड़की दरवाजे निकाले जाने का बाद भी मजदूर तबके के कई लोग परदे लगाकर रह रहे हैं। वहीं अभी भी सैकड़ों लोग अन्य साबुत जर्जर आवासों में रह रह रहे हैं।



### पेयजल व सीवेज की समस्या

सेक्टर 6 में सैकड़ों जर्जर आवासों को गिराए जाने के दौरान पेयजल व सीवरेजा पाइल लाइन जगह जगह से डेमेज होने से सीवेज व पानी की समस्या बनी रहती है। कुछ जगह लीकेज भी है। क्षेत्रवासियों ने बताया कि पेयजल व सीवेज लाइन पचास साल पुरानी है। ढहाए गए आवासों के ब्लाक के एक दो मकानों में लीजधारी निवास करते हैं। वहीं कई अच्छ मकानों में आसपास बीएसपी कर्मचारी परिवार के साथ निवासरत है। लीजधारियों व बीएसपी कर्मियों ने बताया कि अराजक तत्वों की अराजक गतिविधियों से हर दम सुरक्षा का खतरा बना रहता है। वहीं सैकड़ों जर्जर मकानों के गिरने के बाद सेक्टर 6 की सुंदरता व बुनियादी सुविधाएं बदहाल है। टाउनशिप का सबसे बड़ा बाजार सेक्टर 6 ए मार्केट का व्यवसाय बुरी तरह प्रभावित हुआ है । इसकी वजह हटाए गए सैकड़ों कब्जेधारी व रहवासी अन्य सेक्टरों व बस्तियों में शिफ्ट हो चुके हैं।

## पिछले तीस वर्ष में टाउनशिप के बंद हुए पचास स्कूल, मात्र 15 हैं संचालित

# बीएसपी स्कूलों के सिमटने का खामियाजा भुगत रहे कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

टाउनशिप में भिलाई इस्पात संयंत्र के स्कूलों के सिमटने का खामियाजा विद्यार्थियों के पालकों को भुगतना पड़ रहा है। बच्चे शहर के महंगे निजी स्कूलों में पढ़ने के लिए मजबूर हो रहे हैं। यूनियनों ने बीएसपी स्कूलों को बंद नहीं करने और टाउनशिप में संचालित निजी स्कूलों में बीएसपी कर्मचारियों

■ प्राइवेट स्कूलों में महंगी शिक्षा से पालक परेशान

के बच्चों को फीस में रियायत दिलाने की मांग की है। उल्लेखनीय है कि टाउनशिप में साल दर साल एक एक कर बीएसपी स्कूल बंद होते जा रहे हैं। पिछले तीन दशक के दौरान पचास से अधिक भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा संचालित स्कूल बंद हो चुके हैं। इसके चलते बीएसपी कर्मचारियों के बच्चों को निजी स्कूलों का रुख करने मजबूर होना पड़ रहा है। निजी स्कूलों में महंगी फीस के साथ स्कूल के सुझाए गए बुक स्टालों से बुक्स व कापी आदि पढ़ाई के सभी सामान खरीदने पड़ रहे हैं। टाउनशिप में 1980 में सौ से अधिक हिंदी और अंग्रेजी मीडियम बीएसपी स्कूलों का संचालन किया जा रहा था। 1985 में इनकी संख्या सिमटकर 86 हो गई। वर्तमान में मात्र 15 स्कूल ही संचालित हो रहे हैं। सेक्टर एक बीएसपी हिंदी मिडीयम स्कूल, सेक्टर दो गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर 5 गर्ल्स हायर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर 6 हायर सेकंडरी व प्रायमरी स्कूल, सेक्टर 8 हायर सेकंडरी स्कूल, सेक्टर 10 ईएमएमएस स्कूल सहित मड़ौदा, रिसाली व खुर्सीपार के स्कूलों सहित 50 से अधिक स्कूल अब तक बंद हो चुके हैं। आगामी सत्र में एक स्कूल को मर्ज करने व एक को बंद किए जाने की प्रक्रिया चल रही है। यूनियनों के मुताबिक एक ओर बीएसपी स्कूल बंद हो रहे हैं दूसरी ओर निजी स्कूलों की संख्या बढ़ रही है। बीएसपी कर्मियों के वेतन का एक बड़ा हिस्सा अपने दो तीन बच्चों की महंगी पढ़ाई पर खर्च हो रहा है।

### बीएमएस ने की निजी स्कूलों में फीस कम करने की मांग




### बीएसपी कर्मियों पर बढ़ रहा आर्थिक भार

टाउनशिप मे एक एक कर बीएसपी स्कूलों के बंद होने से बीएसपी कर्मचारियों व उनके बच्चों को परेशानी के साथ आर्थिक भार भी बढ़ रहा है। बच्चों को पटरीपार के स्कूलों में बसों व अपने दोपहिया गाड़ियों से जाना पड़ रहा है। स्कूल व बसों का चार्ज बहुत है। बीएमएस ने कर्मियों की समस्या को देखते हुए बीएसपी स्कूलों को बंद न कर पहले की तरह मेंटेन करने और टाउनशिप के निजी स्कूलों में बीएसपी कर्मियों के बच्चों के लिए फीस कम किए जाने की मांग की है।

### गुणवत्तायुक्त होती थी पढ़ाई

बीएसपी स्कूलों में पढ़ाई का स्तर ऊंचा और फीस नगण्य थी। पालकों ने बताया कि हिंदी और इंग्लिश मीडियम स्तर दोनों ही स्कूलों में पढ़ाई, अनुशासन, नैतिक शिक्षा, खेल, संचयी योजना की बचत और केरिकुलम आदि गतिविधियां की क्वालिटी पूरे प्रदेश में चर्चित थी। क्लास वन में प्रवेश के लिए कड़ा इंट्रेस एक्जाम होता था, जिसकी कोचिंग दो महीने चलती थी। शिक्षकों का संबंध बच्चों के साथ पालकों से होता था, जिसके चलते बच्चों में भटकाव की समस्या नहीं थी।

### कलेक्टर ने दिया आश्वासन

# दुर्ग कलेक्टर की गाड़ी कुर्क होते-होते बची

## मृतक के मुआवजे के मामले में हाईकोर्ट आदेश के बाद पहुंचा था अमला

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

तांदुला जल संसाधन विभाग दुर्ग के दुर्घटना में एक कर्मचारी की मौत के मामले में आज कलेक्टर दुर्ग की गाड़ी कुर्क होते होते बच गई। हाई कोर्ट के आदेश पर नीलामी करने पहुंचा अमला कलेक्टर के जल्द मिले दुर्घटना क्षतिपूर्ति रकम मिलने के आश्वनासन पर लौटा। इससे आज कलेक्टोरेट में हड़कंप मचा रहा।

जानकारी के मुताबिक 19 अगस्त 2010 की रात 2340 बजे राजेंद्र पार्क के निकट कार्यलापन यंत्री कार्यालय तांदुला जलाशय दुर्ग के गेट के सामने जलसंसाधन विभाग की जीप सीपी जेड 6466 को लापरवाही व तेजी से भिलाई से आ रहे मेटाडोर केसीजी - 7 सीए 0430 को जबरदस्त ठोकर मार दी। जीप तीन चक्कर के बाद पलट गई। इससे इस विभाग के जीप चालक कृष्णकुमार व बाजू मे बैठे प्यून शत्रुघ्न यादव घायल हो गए थे। शत्रुघ्न की मौके पर ही मौत हो गई थी। दुर्ग कोर्ट में अधिवक्ता राजकुमार देवांगन के मार्फत मृतक के परिवार ने दुर्गा विरुद्ध कृष्णकुमार के नाम से दुर्घटना क्षतिपूर्ति का दावा क्लेम का मामला दायर किया था। इस पर कोर्ट ने 11 मई 2016 को मृतक के पक्ष में क्षतिपूर्ति राशि देने के लिए जलसंसाधन विभाग की गाड़ी के कुर्की का आदेश जारी किया था। इसके खिलाफ जल संसाधन विभाग ने दुर्घटना क्षतिपूर्ति की आधी राशि 9 लाख 59973 जमाकर कर हाई कोर्ट में अपील की थी। लेकिन हाई कोर्ट ने विभाग की अपील को खारिज कर दिया। खारिज के बाद आदेश पर दुर्घटना क्षतिपूर्ति राशि 37 लाख 24701 पैसे विभाग के नहीं देने पर विभाग से दुर्घटना क्लेम का राशि की वसूली के आवेदन के साथ अधिवक्ता श्री देवांगन के साथ कोर्ट की टीम आज कलेक्टर की गाड़ी कुर्क करने कलेक्टोरेट पहुंची। बताते हैं कि कलेक्टर की गाड़ी कुर्क या नीलाम करने सील करने की प्रक्रिया की तैयारी के दौरान चिंतित और गुस्साई कलेक्टर ऋचाप्रकाश चौधरी ने जलसंसाधन विभाग के अधिकारियों को बुलाकर फटकार लगाई। उन्होंने जल्द हाईकोर्ट के आदेशानुसार पीड़ित परिवार को क्षतिपूर्ति राशि देने का आदेश दिया। इसके बाद अदालत के कर्मी वापस लौटे। हाई कोर्ट में वादी की पैरवी दुर्ग के अधिवक्ता राजकुमार देवांगन ने की।

■ तांदुला जल संसाधन विभाग दुर्ग के कर्मचारी की सड़क दुर्घटना में हुई थी मृत्यु, आदेश के बाद 37लाख रुपए विभाग को देना था

## खबर संक्षेप

### नेहरु गैलरी में प्रदर्शनी आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नेहरु आर्ट गैलरी में गोल्डन एम्पथी फाउंडेशन द्वारा आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में दिव्यांग बच्चों के निर्मित चित्रों की प्रदर्शनी का उद्घाटन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम 16 जनवरी को आयोजित है। मुख्य अतिथि संदीप माथुर होंगे। प्रदर्शनी 16व 17 जनवरी को 5 से 8.30 बजे तक खुली रहेगी।

### बीएसपी में क्रेन रेलिंग से टकरायी, टली बड़ी दुर्घटना

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में आज फिर एक हादसा होते होते बच गया। क्रेन के अनियंत्रित हो जाने से तीन चार कर्मचारी इसकी चपेट में आन से बाल बाल बच गए। क्रेन आपरेटर को निलंबित कर दिया गया है। बीआरएम के पुलपिट नंबर 3 में क्रेन आपरेटर जूनियर इंजीनियरिंग एसोसिएट प्रशांत नायक क्रेन आपरेट कर रहा था। अचान क्रेन अनियंत्रित होकर सीपी तीन की रेलिंग से जा टकराया। इससे काम कर रहे कर्मियों में दहशत से अफरा-तफरी मच गई और जान बचाकर भागे। चार पांच कर्मी घायल होते होते बच गए। क्रेन के टकराने से केबिन भी डैमेज हुआ। क्रेन के पुलपिटी में टकराने तत्काल कर्मियों ने पैनल को बंद किया। प्रबंधन द्वारा क्रेन आपरेटर को संस्पेंड किए जाने की खबर है। यूनियनों ने बीएसपी में लगातार हो रही दुर्घटनाओं पर चिंता जताते हुए सुरक्षा सिस्टम को जमीनी स्तर पर पुख्ता करने की मांग की है।

### लेज़र शो एवं सुदेश भोंसले नाइट 23 को

**भिलाई।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के निर्माण काल की गौरव गाथा पर केंद्रित भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा लेजर शो और पार्श्व गायकसुदेश भोंसले नाईट का आयोजन 23 जनवरी को भिलाई क्लब रायल क्रिस्टल गार्डन में शाम 7 बजे से किया जा रहा है।क्रीड़ा एवंस सांस्कृतिक समूह के इस आयोजन में सेल की विकास यात्रा के साथ सुदेश भोसेल सुरीले गीत प्रस्तुत करेंगे। क्रीडा, सांस्कृतिक व नागरिक सुविधाएँ विभाग द्वारा आयोजित यह विशेष सांस्कृतिक संध्या भिलाई के सभी संगीत प्रेमियों को समर्पित है।

### जिला भाजपा मनाएगा संविधान गौरव अभियान




**भिलाई।** भाजपा जिला भिलाई कार्यालय प्रदर्शनी परिसर में भारतीय संविधान गौरव अभियान की बैठक जिलाध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन की अध्यक्षता में हुई। बैठक में सभी मंडल अध्यक्षों व मंडल समिति सदस्यों को संविधान गौरव दिवस के लिए अभियान चलाने सामग्री दी गई। पुरुषोत्तम देवांगन ने कहा कि 11 से 25 जनवरी तक संविधान गौरव अभियान चलाया जा रहा है। हमें संविधान के मूल्यों और बाबा साहब आंबेडकर को याद करना है। बैठक में वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष योगेंद्र सिंह,जिला मंत्रीविजय जायसवाल, कार्यालय मंत्री राजेंद्र सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक सहित द्वारिका चंद्रवंशी,सुंदरलाल साहू, रुपराम साहू, गोल्डी सोनी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### कोड़िया स्वास्थ्य शिविर में ग्रामीणों की जांच

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा जिला प्रशासन के सहयोग से स्वास्थ्य मेला" के अंतर्गत दुर्ग जिले के विभिन्न विकासखण्डों में स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। कोड़िया में निःशुल्क चिकित्सा शिविर हुआ। सीएसआर के डां. एम सरस्वती फार्मासिस्ट सुसन जैकब, प्रभा सैमुअल एवं पंजीयन के लिए शंभू दयाल आदि उपस्थित थे।

# कचरे से घिरे लेटर बाक्स से डाकिया कैसे निकाले पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

सोशल मीडिया के दौर में नगर निगम भिलाई डाक विभाग को कितनी अहमियत दे रहा है, इसकी बानगी आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर सुपेला में वर्षों से लगा उपेक्षित लेटर बाक्स है। निगम को उदासीनता से कचरे और टूटी जंग लगी लोहे की ग्रिल के बीच खंभे में लगी इस पत्रपेटी से रोज पत्रों को निकालने में पोस्टमेन मशक्कत करनी पड़ रही है।

मोबाइल आदि इंटरनेट के बढ़ते प्रचलन में भले ही चिट्ठियों को लेकर डाक विभाग का महत्व कम हो गया है लेकिन सरकारी दस्तावेजों और कुछ पत्रों आदि को लेकर आज भी पोस्टल लेटर बाक्स का चलन बना हुआ है। लेकिन आकाशगंगा व्यावसायिक परिसर में पिछले 40 साल से लगे पत्रपेटी के आसपास सफाई या सुरक्षा की नगर निगम को सुध नहीं है। आकाशगंगा काप्पलेक्स में अंडरब्रिज रोड साइड रोड पर लोहे की ग्रिल के बने डिवाइडर के बीच खंभे में लेटरबाक्स उपेक्षित लड़का हुआ है। इसके चारों ओर खरपतवार आदि कचरा फैला है। वहीं लोहे की ग्रिल की राडों को नशेड़ी चोर हाथ साफ कर रहे हैं। आने जाने वाले कई लोग लेटर बाक्स के आसपास पान गुटखा थूकते रहते हैं। इसी स्थिति में डाकिया रोज दो टाइम लेटर बाक्स को खोलकर पत्र आदि संबंधित लोगों को बांटने निकलता है। क्षेत्रवासियों ने नगर निगम से सफाई ग्रिल की सुरक्षा और डाक विभाग से नया लेटर बाक्स लगाने की मांग की है।



■ आकाशगंगा परिसर में चोर साफ कर रहे ग्रिल

### आईटीआई भवन निर्माण कार्य का भूमिपूजन

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र अपने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधियों के तहत मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी जिले में आईटीआई भवन निर्माण के कार्य में सहयोग प्रदान कर रहा है।मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी के मुख्यालय के समीप आईटीआई भवन निर्माण के भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि कलेक्टर, मोहला मानपुर अम्बागढ़ चौकी श्रीमती तूलिका प्रजापति थी तथा विशिष्ट अतिथि भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय उपस्थित थे। बीएसपी की ओर से सीजीएम आरबी गहरवार, आरके श्रीवास्तव उत्पल दत्ता, महाप्रबंधक शिवराजन, अरुण कुमार, डीजीएम मनीष जयसवाल, वरिष्ठ प्रबंधक सुशील कामड़े, वरिष्ठ प्रबंधक दुर्गेश मजगहे सहित विभाग व जिला प्रशासन की ओर से अपर कलेक्टर प्रेमलता चंदेल, हाउसिंग बोर्ड के अधिकारी, आईटीआई के छात्र-छात्राएं व ग्रामवासी आदि उपस्थित थे। श्री मुखोपाध्याय द्वारा भूमिपूजन कर किया गया।भिलाई इस्पात संयंत्र के कार्यपालक निदेशक श्री मुखोपाध्याय ने कहा कि युवा अपने औद्योगिक कुशलता का उपयोग कर अंचल व क्षेत्र का नाम रोशन करेंगे।



# आरएसएम व आरसीए में सुरक्षा सप्ताह हुआ शुरु

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

भिलाई इस्पात सयंत्र में सुरक्षा माह के तहत अनुसंधान एवं नियंत्रण प्रयोगशाला तथा रेल एवं स्ट्रक्चरल मिल विभागों में विभागीय सुरक्षा सप्ताह शुरु हुआ। उदघाटन कार्यपालक निदेशक राकेश कुमार ने किया। आरसीएल विभाग में रंगोली, संगीत, पोस्टर, कविता, स्लोगन, निबंध और नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का संचालन कनिष्ट अधिकारी खिलांजलि टेमरे ने किया। इस अवसर पर सीजीऐम श्री बेहरा, देबदत्त सत्पथी, निशा सोनी व राहुल श्रीवास्तव, महाप्रबंधक एव्ही मनोज, आवेश सहारे, विभागीय सुरक्षा अधिकारी व उप महाप्रबंधक आर सी बरमाते, वरिष्ठ प्रबंधक राजेश चैधरी व ऋचा अवस्थी आदि भी उपस्थित थे। आरएसएम एवं आरटीएस में 13 जनवरी 2025 को आयोजित सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन समारोह मुख्य महाप्रबंधक (टी दस्तीदार तथा एस के अग्रवाल की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। श्री अग्रवाल ने दुर्घटनाओं पर चिन्ता प्रकट करते हुए सुरक्षा नियमों के पालन पर जोर दिया । दस्तीदार ने अधिकतम दुर्घटना मुक्त कार्य दिवसों की प्राप्ति के लिए प्रेरित किया। सुनील शुक्ला ने वार्षिक सुरक्षा प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।



### जसगीत प्रतियोगिता में पार्षद सम्मानित



**भिलाई।** दो दिवसीय देवी जसगीत प्रतियोगिता का आयोजन ग्राम उरला देवबलौदा में 11 से 12 जनवरी को हुआ। कार्यक्रम में नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा पार्षद भारती सूर्यवंशी, पूर्व पार्षद ,प्रदेश सचिव असंगठित मजदूर कांग्रेस राम कुमार सूर्यवंशी भी पहुंचे थे। इस दौरान दोनों अतिथियों का समिति के लोगों ने प्रतीक चिन्ह व गुलदस्ता से सम्मानित किया। कार्यक्रम में सचिव राम सूर्यवंशी ने कहा कि इस तरह का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए। इससे सामाजिक वातावरण बेहतर रहता है। लोगों में एकजुटता बनी रहती है। प्रतियोगिता में आसपास के कई मंडली भी हिस्सा लेने पहुंचे थे।

(NABH से मान्यता प्राप्त)
सुयश हॉस्पिटल
माता-पिता बनने का अनमोल अहसास
- स्त्री एवं पुरूष बांझपन की संपूर्ण जांच एवं इलाज
- नि:संतान दंपत्तियों हेतु आधुनिक पध्दति से उपचार
- अण्डाणु बनने की प्रक्रिया की जांच
- हार्मोनल समस्या का ईलाज (PCOD)
- बढ़ती उम्र की वजह से नि:संतानता का इलाज
- फेलोपियन ट्यूब बंद का इलाज
- ब्लास्टोसिस्ट ट्रांसफर की सुविधा
- बार-बार गर्भपात की जांच एवं सफल इलाज
- गर्भ संस्कार पर आधारित इलाज
संपूर्ण जांच एवं इलाज के लिए विश्वसनीय डॉक्टरों की टीम
97551 62611
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371

online Booking:-www.tripuryatra.com



दार्जिलिंग गैंगटोक
9 दिन
25 मार्च से 02 अप्रैल 2025, 15 अप्रैल से 23 अप्रैल 2025
05 मई से 13 मई 2025, 05 जून से 13 जून 2025
राशि:-स्लीपर 12500/-, 3 एसी 22,500/- (+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है
नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।
1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ़ोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉर्म में रहते है।
अधिक जानकारी के लिए स्कैन करे।
संपर्क करें- 7837411411
Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd
Beside Raipur Airport

हरिभूमि लाइव

रायपुर, गुरुवार 16 जनवरी 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 7747020002, 9755819129

04



कैटवॉक के साथ जश्न

## लाइव इवेंट

## बुजुर्गों ने निम्बू के लिए लगाई दौड़, कुर्सी दौड़ का भी उठाया लुत्फ, मिला सम्मान



**भिलाई।** श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन ने मकर संक्रांति पर बुजुर्गों के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।यह आयोजन भिलाई के दिव्यांग क्रिकेट ग्राउंड में किया गया। इस आयोजन में संस्था के सभी वरिष्ठ नागरिक एवं उनका परिवार शामिल हुआ। बुजुर्गों के लिए कुर्सी दौड़, निम्बू दौड़, श्रीमान और श्रीमति द्वारा मैच इत्यादि खेलों का आयोजन किया गया। आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में संस्था के संरक्षक राम लखन प्रजापति, नरेंद्र ताम्रकार, रसिक लाल पटेल, बंस नारायण सिंह, शेखर कुमार शर्मा उपस्थित थे। संस्था के संस्थापक डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया।

- चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन ने बुजुर्गों के लिए आयोजित की खेल प्रतियोगिताएं

### बुजुर्गों के साथ उनके परिवार भी हुए शामिल

बंस नारायण ने कार्यक्रम की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह वरिष्ठ नागरिकों के लिए यह बहुत ही अच्छा आयोजन रहा। यह आयोजन भिलाई का पहला आयोजन है, जो वरिष्ठ नागरिकों को ध्यान में रखते हुए किया गया। इसमें बुजुर्ग अपने परिवार के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम में सचिव जसवीर कौर, राजेश कुमार प्रजापति, कौशल तांडी, आकाश वैष्णव, योगेश कुमार, अनिता पटनायक, सुमित ताम्रकार, रीना देशमुख, चेतना साहू, माधुरी लेदेकर आदि उपस्थित थे।



● महिला एवं बाल विकास विभाग का आयोजन, 7 जगहों पर किए गए थे इंतजाम

# फिजूलखर्ची रोकने और आर्थिक रूप से कमजोर 265 जोड़ों की सरकार ने कराई शादी, बेटियों को दिया मंगलसूत्र, बिछिया और 35 हजार रुपए का चेक


**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत बुधवार को जिले के 7 जगहों पर सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया। इसमें 265 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। नव दम्पत्तियों को आशीर्वाद देने सांसद विजय बघेल, विधायक ललित चन्द्राकर, गजेन्द्र यादव, डोमन लाल कोर्सेवाड़ा, रिकेश सेन सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल हुए। कोलिहापुरी में 55, विवेकानंद सभागार दुर्ग में 34, खंडेलवाल भवन वैशाली नगर भिलाई में 32, सतनाम भवन भिलाई-3 निगम कार्यालय के पास 20, रिक्रियेशन क्लब अहिवारा में 72, दौलत वाटिका जामगांव एम में 15 और खूबचंद बघेल सामुदायिक भवन में 40 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे। संपूर्ण विवाह वैदिक रीति-रिवाज एवं अनुष्ठानों के साथ गायत्री समाज के माध्यम से संपन्न कराया गया।**

भिलई। विवाह उपरान्त सभी जोड़ों को प्रमाण पत्र प्रदान गया। इसके अलावा उपहार के रूप में चांदी का मंगलसूत्र एवं बिछिया, संपूर्ण श्रृंगार सामग्री, कपड़े, सूटकेश एवं हाथ घड़ी इत्यादि वर-वधु को दिए गए। शासन की ओर से प्रत्येक जोड़े को कन्या के नाम से 35 हजार रुपए की राशि का चेक प्रदान किया गया। कन्या विवाह से लाभान्वित सभी जोड़ों के परिजनों ने हर्षपूर्वक वैवाहिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी निभाई। कन्या विवाह में उपस्थित अतिथियों ने प्रशंसा व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना की सराहना की। आयोजन में सांसद-विधायकों के अलावा जिला प्रशासन के अधिकारी और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का मुख्य उद्देश्य गरीब परिवारों को होने वाली आर्थिक परेशानियों को दूर करना, शादी के मौके पर फिजूल खर्ची को रोकना और सामुदायिक विवाह के आयोजन से सामाजिक स्थिति में सुधार लाना है।



### शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में रहा लोगों में खासा उत्साह

आयोजन को लेकर शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में खासा उत्साह देखा गया। जिले के लगभग सभी ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने आयोजन में सहभागिता निभाई। महिला एवं बाल विकास विभाग के इस आयोजन में वर और वधू दोनों को ही सम्मान स्वरूप घरेलू उपयोग के सामान प्रदान किए गए। आयोजन में वर-वधू के माता-पिता और परिवार के अन्य सदस्य शामिल हुए। सारी रस्में निभाई गई। कई वर परिवारों ने बारात निकाली। गाजे-बाजे के साथ आयोजन स्थल पर वे बारात लेकर पहुंचे। जहां वधू के परिजनों ने उनका स्वागत किया। इस अवसर भोजन के भी इंतजाम किए गए। कुछ जगहों पर वर-वधू के परिजन एक दिन पहले ही आयोजन स्थल पर पहुंच गए थे।





## सिटी इवेंट

## गुड मॉर्निंग एसोसिएशन के पदाधिकारियों का चुनाव संपन्न, अंजनी राय बने अध्यक्ष



**भिलाई।** गुड मॉर्निंग एसोसिएशन भिलाई नगर के सत्र 2025-2028 के नये पदाधिकारियों का चुनाव वाइल्ड फायर क्लब में संपन्न हुआ। चुनाव अधिकारी मनोज पाण्डेय ने बेहतरीन ढंग से पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव संपन्न कराया। अंजनी कुमार राय को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसी प्रकार सचिव व कोषाध्यक्ष के लिए भी नामांकन की प्रक्रिया हुई, किन्तु नाम वापसी के बाद सचिव व कोषाध्यक्ष के पदाधिकारी भी निर्विरोध चुनें गए। हरिकांत सिंन्हा सचिव एवं केएस राव कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए। एसोसिएशन के अन्य पदाधिकारी केएस बेदी उपाध्यक्ष, राजू यादव संयुक्त सचिव, बद्री प्रसाद सिंह संगठन सचिव एवं प्रचार सचिव की जवाबदारी कल्पना स्वामी को सौंपा गया। कार्यकारिणी में सुमित पवार, अमित उपाध्याय, हरेंद्र यादव, शरद मिश्रा, नितून अग्रवाल, शिवनंदन साहू, ध्रुव पांडेय एवं शंभू सिंह को शामिल किया गया है। पदाधिकारी निर्वाचन के उपरांत निर्वतमान अध्यक्ष योगेंद्र पांडेय मुन्ना एवं सचिव अरविंद सिंह ने नव निर्वाचित पदाधिकारी को बधाई देते हुए आशा व्यक्त किया कि एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारी संस्था के हित में और बेहतरीन कार्य करेंगे चुनाव प्रक्रिया के उपरांत उपस्थित सभी सदस्यों ने दोपहर का भोजन ग्रहण किया।

## संकेट मोचन मंदिर में रामचरित मानस के साथ हुआ रुद्राभिषेक

**भिलाई।** संकट मोचन हनुमान मंदिर कैंम्प 01 परिसर में मकर संक्रांति का पर्व बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। खिचड़ी भोग का विशेष आयोजन किया गया। सनातन धर्म में विशेष महत्व रखने वाले इस त्योहार पर लोगों ने स्नान-दान और पूजा-पाठ के साथ दिन की शुरुआत की। इस अवसर पर आचार्य पं. ओमप्रकाश द्विवेदी ने बताया कि इस दिन सूर्य देव का धनु राशि से मकर राशि में प्रवेश होता है, जिसे मकर संक्रांति कहा जाता है। प्राचीन धार्मिक ग्रंथों में भी मकर संक्रांति पर खिचड़ी बनाने और खाने की परंपरा का विशेष उल्लेख मिलता है। सर्दियों में शरीर को आवश्यक ऊर्जा भी प्रदान करती है। आचार्य पंडित ओमप्रकाश द्विवेदी के अनुसार खिचड़ी का संबंध भगवान सूर्य और शनि देव से जुड़ा हुआ है। विश्वास है कि इस दिन खिचड़ी बनाने और खाने से घर में सुख-समृद्धि आती है। दाल, चावल और हरी सब्जियों से बनी खिचड़ी न केवल सुपाच्य होती है, बल्कि सर्दियों में शरीर को आवश्यक ऊर्जा भी प्रदान करती है। इस अवसर पर राम चरित मानस पाठ एवं भगवान आशुतोष का रुद्राभिषेक, हवन एवं भण्डार का कार्य सम्पन्न हुआ।



# यशस्विनी रेड्डी ने थाईलैंड में लहराया भिलाई का परचम, जेके मिस यूनिवर्स इंटरनेशनल में रहीं प्रथम

**भिलाई।** भिलाई की यशस्विनी रेड्डी थाईलैंड में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सौंदर्य प्रतियोगिता में मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब में पहला स्थान जीतकर भारत और छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में अनेकों जगह से इस प्रतियोगिता में भाग लिया यशस्विनी रेड्डी की खूबसूरती आत्मविश्वास और प्रतिभा ने उन्हें इस खिताब ने पहला स्थान प्राप्त किया। यशस्विनी रेड्डी की इस उपलब्धि पर छत्तीसगढ़ की जनता और अन्य सभी गणमान्य व्यक्तियों ने उन्हें बधाई दी है। उनकी इस उपलब्धि को राज्य के लिए गर्व की बात बताया है। यशस्विनी रेड्डी की यह उपलब्धि न केवल उनके लिए बल्कि पूरे देश और राज्य के लिए गर्व की बात है। यशस्विनी रेड्डी सुपर मॉडल के नाम से भिलाई में ही नई पूरे छत्तीसगढ़ में मशहूर है। यशस्विनी रेड्डी मॉडलिंग के साथ साथ भरत नाट्यम एवं प्राइवेट एलबम सांग में भी डांस भी करती है। यशस्विनी रेड्डी जेके फाउंडेशन से जया रेड्डी को धन्यवाद देती हैं कि उन्होंने उसे इतना सुन्दर अवसर प्रदान किया। प्रतियोगिता में तीन राउंड थे। पहला क्रिएटिविटी राउंड, दूसरा टैलेंट राउंड और तीसरा फाइनल राउंड था, जिसमें उन्होंने पहला स्थान प्राप्त किया। रुचि ने अपने डांस की प्रस्तुति देकर सभी का दिल जीत लिया। तीनों राउंड में अपना बेस्ट परफोर्मेंस देकर यशस्विनी रेड्डी ने मिस जेके यूनिवर्स इंटरनेशनल 2025 का प्रथम स्थान प्राप्त कर क्राउन अपने नाम किया।



# देवांगन लेडी अचीवर्स ग्रुप की खेलकूद प्रतियोगिता, प्रतिभागी हुए सम्मानित

**भिलाई।** देवांगन जन कल्याण समिति की महिलाओं का समूह देवांगन लेडी अचीवर्स ग्रुप ने परमेश्वरी भवन प्रगति नगर रिसाली में मकर संक्रान्ति पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष घनश्याम कुमार देवांगन विशेष रूप से उपस्थित थे। उन्होंने ग्रुप की महिलाओं को मकरसंक्रांति पर्व का महत्व बताते हुए शुभकामनाएं दी और महिलाओं के आयोजन की प्रशंसा की। लेडी अचीवर्स ग्रुप की महिलाओं ने सुमन देवांगन एवं कल्पना भानु देवांगन के नेतृत्व में सभी उपस्थित महिलाओं का तिलक लगाकर एवं श्रृंगार सामग्री भेंटकर तिल-गुड़ की बनी मिठाइयां खिलाई। इस अवसर पर महिलाओं ने अनेक मनोरंजक खेलकूद का आयोजन किया। कार्यक्रम में सत्यपाल देवांगन, खेल प्रभारी हेम कैलाश देवांगन, हरिशंकर देवांगन, नवीन देवांगन, श्रवण देवांगन, सुमन देवांगन, कल्पना भानु देवांगन, जयश्री देवांगन, दामिनी देवांगन, चन्द्र प्रभा देवांगन, उमा देवांगन, दमयंती, कविता, प्रतिभा, हेमलता, मीनाक्षी, लक्ष्मी, कामना, स्वाति, काजल आदि उपस्थित थे।





भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन, परिवहन विभाग और यातायात पुलिस का संयुक्त आयोजन

# सड़क सुरक्षा को लेकर ट्रांसपोर्टर्स आगे आए, उन्होंने हेलमेट लगाकर दिया संदेश, चारपहिया वाहन चालकों से सीटबेल्ट लगाने की अपील

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन ने दुर्ग परिवहन विभाग और यातायात पुलिस के सहयोग से सड़क सुरक्षा माह के तहत खुर्सीपार गेट स्थित उनके मुख्य कार्यालय में जागरूकता अभियान का आयोजन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था, बल्कि ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों को स्वास्थ्य, यातायात नियमों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करना भी था। इस अभियान के दौरान अनेक महत्वपूर्ण गतिविधियों का आयोजन किया गया। ड्राइवरों के लिए विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर और नेत्र जांच शिविर आयोजित किए गए, जिसमें बड़ी संख्या में ड्राइवरों ने भाग लिया। अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान पाया। नए ड्राइवरों को प्रोत्साहित करने के लिए लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस कैम्प का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 500 से अधिक हेलमेट मुफ्त में वितरित किए गए, ताकि दुपहिया वाहन चालकों को सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाया जा सके। इसके साथ ही, जरूरतमंदों की मदद के लिए रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें कई लोगों ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया।



### 500 से ज्यादा हेलमेट का किया वितरण लोगों को किया जागरूक

इस अवसर पर वार्ड की महिलाओं को भी भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के द्वारा हेलमेट बांटा गया। 500 से ज्यादा हेलमेट का वितरण किया गया। लोगों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया गया। अभियान ड्राइवरों और ट्रांसपोर्टरों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति एसोसिएशन की प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण रहा। यह न केवल जागरूकता बढ़ाने का माध्यम था, बल्कि सड़क सुरक्षा के महत्व को समझाने और इसे वास्तविकता में बदलने का प्रयास भी था। इस पहल ने ड्राइवरों और आम जनता को सड़क सुरक्षा की बुनियादी बातों के प्रति न केवल जागरूक किया, बल्कि उन्हें इसे अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित भी किया।

### प्रशासनिक महकमे के अधिकारियों ने दी सड़क सुरक्षा की जानकारी

कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री एस.एल. लकड़ा, परिवहन निरीक्षक श्री विष्णु ठाकुर और सांख्यिकी अधिकारी श्री सुभाष बंजारे ने अपनी उपस्थिति से इसे और भी महत्वपूर्ण बनाया। उन्होंने उपस्थित नागरिकों और ड्राइवरों को संबोधित करते हुए सड़क सुरक्षा से जुड़े नियमों और उनके पालन की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने नशे में वाहन न चलाने, दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, यातायात से संबंधित सभी दस्तावेज सही और अद्यतन रखने, सीट बेल्ट के उपयोग और सड़क पर मानवता और सूझबूझ से वाहन चलाने जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू, संरक्षक प्रभुनाथ मिश्रा, गनी खान, सुधीर सिंह, महेंद्र सिंह पप्पू, दिलीप खटवानी, बलजिंदर सिंह, कार्यकारिणी अध्यक्ष अनिल चौधरी, महासचिव मलकीत सिंह लल्लू, कोषाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज कुरैशी, पंकज सिंह, राहुल जैन, सतेंद्र शर्मा, पार्षद मीरा बंजारे उपस्थित थे।



## सिटी इवेंट

# नागरिक जागरूक नहीं हुए तो अपना मूल्य खो देगा हमारा संविधानः आरिफ



**भिलाई।** पार्क फाउंडेशन, छत्तीसगढ़ और सिविल सोसाइटी दुर्ग-भिलाई शिक्षाविद् प्रो. आरिफ का व्याख्यान सुपेला में आयोजित किया गया। संविधान के महत्व पर आयोजित इस व्याख्यान में बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के प्रोफेसर रहे शिक्षाविद् मोहम्मद आरिफ प्रमुख रूप से शामिल हुए। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण का इतिहास बताते हुए इससे जुड़े कई रोचक तथ्यों का खुलासा किया। उन्होंने आज के दौर को संविधान के लिए सबसे ज्यादा चुनौतीपूर्ण बताते हुए 26 नवंबर 1949 को डॉ. भीमराव अम्बेडकर के संविधान सभा में दिए उद्बोधन का विशेष रूप से उल्लेख किया। आरिफ ने कहा कि हमारा संविधान प्रजा से नागरिक बनने की प्रक्रिया का अहम दस्तावेज है और यह कड़े संघर्ष और अनगिनत बलिदान से हासिल आज़ादी को गणतंत्र में स्थापित करने का अहम पड़ाव है। उन्होंने बताया कि आजादी के बाद हमारा संविधान तमाम तैयारियों के बाद बनाया गया, लेकिन इसके पहले ब्रिटिश काल में 1934 में वामपंथी नेता एमएन राय ने एक ड्राफ्ट तैयार किया था। इसमें देश की भविष्य की शासन प्रणाली का खाका तैयार किया गया था। हालांकि तब महात्मा गांधी व अन्य प्रमुख नेताओं ने इसे समय से आगे का दस्तावेज बताया था। इस पर आज भी ज्यादा चर्चा नहीं होती है। उन्होंने संविधान लिखे जाने में महात्मा गांधी के साथ ही नेहरू, अम्बेडकर और पटेल की भूमिका पर भी विस्तार से बात की। इसके पहले सुबह प्रो. आरिफ ने शैलदेवी महाविद्यालय अंडा में विद्यार्थियों को संविधान और इसके अंतर्निहित मूल्यों पर संबोधित किया। आयोजित कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष विश्वरत्न सिन्हा, सचिव मेहरबान सिंह, उपाध्यक्ष शशि यादव, क्रे ज्योति, एसएन शर्मा, पार्क फाउंडेशन के उमा प्रकाश ओझा, जीवेश चौबे, रियाज अम्बर, डॉ. रमाकांत दानी, आरपी शर्मा, शेष नारायण शर्मा, राजकुमार गुप्ता, विनोद साव, विश्वास मेश्राम, कमलेश वर्मा, बृजेंद्र तिवारी, डॉ. एसके अग्रवाल और प्रसाद राव मौजूद थे।

- संविधान के महत्व पर सुपेला में व्याख्यान का आयोजन

## सिटी लाइव

# लोधी समाज की युवक-युवती परिचय पत्रिका का विमोचन



**भिलाई।** लोधी क्षत्रिय समाज भिलाई एवं दुर्ग द्वारा युवक-युवती परिचय पत्रिका का विमोचन किया गया। केंद्रीय लोधी भवन कोहका में इसे लेकर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बीजेपी के दुर्ग जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक को सम्मानित किया गया। उनके अलावा लालचंद वर्मा एमआईसी सदस्य नगर निगम भिलाई, महेश वर्मा पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष भिलाई एवं पार्षद भिलाई भी सम्मानित किए गए। इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष उत्तम चंदेल, महासचिव राजेश जंघेल कोषाध्यक्ष राम अवतार चंदेल, अंकेक्षक मनीराम वर्मा, संरक्षक उत्तम वर्मा, रोहित जंघेल कार्यकारिणी सदस्य, अलखराम, भगवती वर्मा, रितु कुमार महिकवार, कल्याण सिंह राजपूत, इंद्रजीत सिंह वर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## समाज इवेंट

# उपभोक्ता को अपने अधिकारों के बारे में जानना जरूरी, चले जागरूकता अभियान



**दुर्ग।** अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत छत्तीसगढ़ प्रांत की दुर्ग जिला इकाई द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती पर विवेकानंद सभागार पद्मनाभपुर में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम अंतर्गत देवेंद्र कौशिक ने स्वामी जी के जीवन परिचय देते हुए ग्राहक पंचायत की कार्य विधि एवं कार्य प्रणाली के बारे में जानकारी दी। उन्होंने उपभोक्तावाद व उपभोक्ता के अधिकारों एवं जिम्मेदारियों को परिभाषित किया। उन्होंने उपभोक्ताओं के संबंध में स्पष्ट रूप से कहा जागरूक ग्राहक ही सुंदर समाज का निर्माण करता है। अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के जिला अध्यक्ष देवाशीष घोष ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने जो वेद, वेदांत, योग, सुंदर एवं स्वच्छ समाज कल्याण की परिकल्पना की, जो पूरे विश्व में संचारित किया है। हम सब उनके ही संदेशों, आदर्श एवं विचारों का अनुसरण करते हुए निरंतर कार्य करते हुए आगे बढ़ें। कार्यक्रम में कृष्ण देशमुख, धर्मेंद्र धामू, गोपीचंद साहू, संजय डहरवाल, दिलीप देशमुख, बहिरू राम आवारे, मानवेंद्र मोर, वीरेंद्र तिवारी, ज्ञानेंद्र मोर आदि उपस्थित थे।

---

## सर्व ब्राह्मण समाज के विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन में 550 युवाओं ने दिया परिचय

# परिचय सम्मेलन में 360 ऑनलाइन और 190 प्रत्यक्ष हुए शामिल, 11 पंडितों ने किया कुंडली मिलान, 9 की शादी तय

**दुर्ग।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा विवाह योग्य युवक-युवती परिचय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें 9 जोड़ों ने अपना परिवार बसाने का स्थल पर ही निर्णय लिया। कार्यक्रम में विधवा, विधुर, परित्यागता, तलाकशुदा दिव्यांग सदस्य भी शामिल हुए। सिविल लाइन स्थित सतनाम आश्रम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक अरुण वोरा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने की। विशेष अतिथि के रूप में उद्योगपति केके झा, प्रभुनाथ मिश्रा, संभागीय अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा मौजूद थे। ने भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इसके बाद परिचय का सिलसिला देर शाम तक चलते रहा। कुंडली मिलाने 11 पंडितों की टीम पूरे दिन सक्रिय रही। 360 प्रतिभागी ऑनलाइन और 190 प्रत्यक्ष रूप से शामिल हुए। कुल 550 प्रतिभागी शामिल हुए। पूर्व विधायक अरुण वोरा ने सर्व ब्राह्मण समाज के पदाधिकारी को आयोजन की सफलता पर बधाई दी।



### युवाओं को अंतर्जातीय विवाह से बचने की नसीहत

राष्ट्रीय अध्यक्ष ललित मिश्रा ने समाज में वैवाहिक विकृतियों के निराकरण तथा शादियां ब्राह्मण परिवार में ही होनी चाहिए। उन्होंने अंतर्जातीय विवाह से ब्राह्मण परिवार को बचने की अपील की। समाज में विधवा, विदुर, परित्यागता, तलाकशुदा जैसे दंश झेल रहे सदस्यों को पुनर्स्थापना व योग्य वर वधू की तलाश को सुगम बनाने के लिए यह आयोजन पूरे प्रदेश व देश में किया जाता है। शशिकांत तिवारी ने आयोजन को सर्व ब्राह्मण सामाजिक एकता की कड़ी को गति देते हुए समस्त ब्राह्मणों को एकजुट करने की बात कही। उन्होंने कहा कि शामिल हुए प्रतिभागी में से 9 जोड़ों में स्तथ पर ही वैवाहिक निर्णय लिया। 110 सदस्यों के कुंडली का मिलन सही होने पर उनके बीच चर्चा का दौरा चला। समाज इसके लिए हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

### हर साल ऐसे वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित करने निर्णय



इस अवसर पर उद्योगपति केके झा ने समस्त सहभागियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। प्रतिवर्ष वैवाहिक परिचय सम्मेलन जारी रखने की बात समाज के लोगों से हर संभव सहयोग करने की बात कही। अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा, प्रभुनाथ मिश्रा, महापौर धीरज बाकलीवाल ने समाज को संबोधित किया। इस अवसर पर उद्योग जगत के क्षेत्र में उद्योगपति केके झा को ब्रह्म सम्मान से सम्मानित किया गया। शिक्षा के क्षेत्र में शकुंतला विद्यालय और शारदा विद्यालय के संचालक विपिन ओझा को शिक्षाविद और ब्रह्म सम्मान से सम्मानित किया गया।। लखन लाल शर्मा, रमेश तिवारी, राजकुमार तिवारी, संजीव तिवारी, ऋषिकांत तिवारी ज्ञानेश दुबे को विधि श्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया।

### समाज की प्रतिभाओं को मिला सम्मान

इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। प्रमुख रूप से राजेश मिश्रा रायपुर, शशिकांत तिवारी भिलाई, आनंद ओझा, राजेंद्र तिवारी, संतोष मिश्रा को कर्मवीर सम्मान से सम्मानित किया गया। जेपी शर्मा रायपुर को कलाश्रेष्ठ सम्मान से सम्मानित किया गया। विप्र समाज में निरंतर सक्रिय समाज सेवा के लिए गणेश तिवारी, राकेश शर्मा, स्वप्निल तिवारी, अजय शर्मा, अभिषेक पांडे, जितेंद्र तिवारी को ब्रह्म सम्मान से सम्मानित किया। पंडित अशोक शर्मा ज्योतिष सम्मान से सम्मानित किया गया। बेस्ट महिला कार्यकर्ता सम्मान शैल किरण शुक्ला को दिया गया। साधिके दुबे को खेलो इंडिया में मार्शल आर्ट पर कांस्य पदक जीतने पर सम्मानित किया गया। इसके अलावा समाज की अन्य विभूतियां सम्मानित किए गए। 55 बार रक्तदान करने के लिए चंद शर्मा को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सुमन पांडे, लक्ष्मीकांत तिवारी, सुनीता तिवारी मंजरी दुबे, प्रीति बेहरा, प्रीति दुबे, प्रिया तिवारी, सरिता शर्मा, लता तिवारी, आशीष पांडे, ज्योति चौबे, रविंद्र तिवारी काफी संख्या में विप्रजन शामिल हुए।

---

## आयोजन

# विवेकानंद की जयंती पर स्टूडेंट्स ने राष्ट्रहित और व्यक्तित्व विकास का लिया संकल्प







**भिलाई।** कल्याण कॉलेज सेक्टर-7 के एनएसएस और एनसीसी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती मनाई गई। राष्ट्रीय युवा दिवस पर कॉलेज के छात्राओं ने छुट्टी मनाने के बजाए सामाजिक दायित्व का निर्वहन कर उल्लेखनीय कार्य किया। वे सेक्टर-8 स्थित वृद्धाश्रम पहुंचे। जहां वरिष्ठ नागरिकों के साथ समय बिताया। बुजुर्गों के लिए गीत-संगीत के माध्यम से मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। कई सांस्कृतिक कार्यों में हिस्सा लिया। वृद्धाश्रम के वरिष्ठ नागरिकों को बिस्किट और चॉकलेट बांटा गया। आश्रम में प्रकाशमय व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए यहां महाविद्यालय परिवार द्वारा एलईडी लाइट भेंट की गई। इस मौके पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा, एनसीसी के प्रभारी डॉ. हरीश कश्यप, एनएसएस के प्रभारी डॉ. अनिर्बन चौधरी सहित सभी स्वयंसेवक मौजूद थे।इससे पहले कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय परिसर में स्थित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पण किया गया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा और अन्य प्राध्यापकों ने स्वामी विवेकानंद के जीवनी पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के विद्यार्थियों और भावी पीढ़ी को उनके उत्कृष्ट विचारों से प्रेरित किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विनय शर्मा ने स्वामी विवेकानंद के विचारों और राष्ट्रीय विकास हेतु युवाओं को राष्ट्रहित और व्यक्तित्व के सर्वज्ञ विकास की शपथ दिलाई। इस मौके पर डॉ. शर्मा, एनसीसी के प्रभारी डॉ. हरीश कश्यप और एनएसएस के प्रभारी डॉ. अनिर्बन चौधरी, एनसीसी व एनएसएस के कैडेट्स, वृद्धाश्रम के संचालक और अन्य मौजूद रहे।

## लघु उद्योग भारती का आयोजन

# आदिवासी जनजातीय महोत्सव 3 से, एमएसएमई की 60 यूनिट से जुड़ीं महिलाएं लगाएंगी प्रदर्शनी



**भिलाई।** प्रदेश का दूसरा आदिवासी जनजातीय महोत्सव 2025 भिलाई कला मंदिर सिविक सेंटर में आयोजित किया जाएगा। आर्य युवा केंद्र सम्बंध राष्ट्रीय सेवा भारती, लघु उद्योग भारती के तत्वावधान में सूक्ष्म लघु उद्योग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा यह प्रदर्शनी लगाई जाएगी। 3 से 5 फ़रवरी के मध्य महात्मा गांधी कला मंदिर सिविक सेंटर में यह महोत्सव आयोजित किया जाना है। इस आयोजन में एमएसएमई की 60 यूनिट भाग लेंगी। इसमें महिलाओ द्वारा निर्मित उत्पादन की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। तीन दिनों में महिलाओ द्वारा विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इसमें डांस, रंगोली, गायन सहित अन्य रंगारंग कार्यक्रम होंगे। सामाजिक सेवा देने वाले समाजसेवियो को सम्मानित किया जायेगा। मंच के माध्यम से छत्तिसगढ संस्कृति को बढ़ावा दिया जाएगा। माई गवर्नमेंट भारत सरकार की योजनाओं से सभी का पंजीकरणा किया जायेगा। आर्य युवा केंद्र की प्रदेश प्रभारी और कार्यक्रम संयोजक लताश्रषि चंद्राकर ने बताया कि सामाजिक, राजनैतिक, सरकारी जगत के प्रमुख लोग इस आयोजन की शामिल होंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की मार्केटिंग करना और उन्हें मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शशांक चोपड़ा, राष्ट्रीय संगठन मंत्री भारत रक्षा मंच, शांता शर्मा, पुशेश आतरे उपस्थित रहेंगे।

**महिलाओं के लिए होंगी प्रतियोगिताएं**

---

## रौनियार वैश्य समाज का नव वर्ष मिलन समारोह आयोजित

# बिखरे समाज की वैल्यू नहीं, एकजुटता से ही सामाजिक विकास संभव : श्रवण प्रसाद

कार्नर न्यूज



**भिलाई।** रौनियार वैश्य समाज का नव वर्ष मिलन समारोह अंबेडकर पार्क सेक्टर-1 में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रौनियार समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। इस मौके पर उन्होंने कहा कि एक समाज की सफलता एकजुट रहने में है। बिखरे समाज की कोई वैल्यू नहीं होती। कार्यक्रम के दौन समाज के बच्चों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। विजेताओं को अथितियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के द्वारा रमेश गुप्ता, उमेश प्रसाद गुप्ता , रीना गुप्ता, को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। मंच पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद गुप्ता, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल गुप्ता, छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक गुप्ता, प्रदेश महामंत्री बैजनाथ प्रसाद गुप्ता, प्रदेश महामंत्री मनोहर गुप्ता, रायपुर से अशोक कुमार वैश्य, राजकुमार प्रसाद एवं दुर्ग भिलाई अध्यक्ष विनोद प्रसाद गुप्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान अतिथियों को शाल एवं शील्ड देकर स्वागत किया गया। मंच का संचालन वीरेंद्र गुप्ता एवं प्रमिला गुप्ता ने किया। आभार प्रदर्शन जगशिवा महामंत्री ने किया।





### समय नहीं तो विकास कैसे संभव

राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रवण प्रसाद ने समय की पाबंदी को लेकर समाज के लोगों को जागरूक करने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि नववर्ष मिलन समारोह का समय 11 बजे का दिया गया, लेकिन यहां 2 बजे तक लोग आ रहे हैं। समाज के लिए कुछ समय नहीं दे सकते तो विकास कैसे होगा। उन्होंने कहा कि समाज को एकजुटता से काम करना होगा। समाज के लोगों को एक दूसरे के सुख दुख में भी काम आना चाहिए। इसके लिए समाज का प्रत्येक सदस्य प्रति माह 50 रुपए जमा कराए। रौनियार समाज के नाम पर एक बैंक खाता खोलकर उसमें प्रतिमाह आने वाली राशि जमा होगी जो भविष्य में समाज के जरूरत मंदों के ही काम आएगी।

### हुई आकर्षक प्रतियोगिताएं

प्रतियोगिताओं में पेपर ग्लास गेम में प्रथम पुरस्कार प्रीतम गुप्ता, द्वितीय पुरस्कार राधे गुप्ता, तृतीय पुरस्कार हिमांशु गुप्ता को मिला। कुर्सी दौड़ में प्रथम पुरस्कार सूरज गुप्ता, द्वितीय खुशबू गुप्ता व तृतीय खुशी गुप्ता को मिला। पुश अप गेम में प्रथम पुरस्कार विराट गुप्ता, द्वितीय राधे गुप्ता व तृतीय रोशनी गुप्ता को मिला। महिलाओं के लिए चूड़ी खेल स्पर्धा हुई। इसमें प्रथम पुरस्कार पूजा देवी, द्वितीय पुरस्कार सलोनी देवी और तृतीय रेशमा देवी को मिला।

### एकजुट रहने में समाज की ताकत : गोपाल प्रसाद

कार्यक्रम में मौजूद राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने कहा कि एक जुट रहेंगे तो कोई आपका कुछ बिगाड़ नहीं सकता। एक अकेले को कोई भी नुकसान पहुंचा सकता है लेकिन साथ मिलकर चलोगे तो आपकी ताकत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि समाज की दशा और दिशा तय करना हम सभी की जिम्मेदारी है। आने वाले समय में रौनियार वैश्य समाज नई ऊंचाइयों को छुए यही हमारी मंशा है। अशोक गुप्ता ने कहा कि हमारा समाज एक आदर्श है, क्योंकि हम सालों से संगठित है। हमारे समाज का कभी पतन नहीं हुआ जो कि हमारे लिए बड़ी उपलब्धि है। हमारा समाज गरीब नहीं है, लेकिन गरीब मानकर चल रहा है। उन्होंने समाज के अध्यक्ष विनोद प्रसाद गुप्ता को इस आयोजन के लिए बधाई दी कार्यक्रम के दौरान अशोक गुप्ता ने भिलाई में समाज के भवन निर्माण के लिए 51 हजार रुपए देने की घोषणा भी की।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

# जंगल की आग से आस्कर के आयोजन पर संकट के बादल



लॉस एंजेलिस में लगी आग के बीच 2025 के एकेडमी अवॉर्ड्स को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं। द सन की एक हालिया रिपोर्ट में बताया गया है कि आग के कारण 97वें एकेडमी अवॉर्ड्स को रद्द किए जाने की कगार पर रखा गया है। हालांकि, अगर ऐसा होता है कि यह 96 साल में पहली बार होगा जब, ऑस्कर अवॉर्ड्स को रद्द किया जाएगा। लॉस एंजिल्स की धधकती आग रुकने का नाम नहीं ले रही है। ऐसे में खतरा बना हुआ है। दक्षिणी कैलिफोर्निया के लॉस एंजिल्स में लगी भयंकर आग विकराल रूप ले चुकी है। हजारों लोगों को रिहायशी इलाकों से निकालकर सुरक्षित स्थानों पर ले जा गया है। लॉस एंजिल्स में लगी आग में कई मशहूर हस्तियों के घर जले हैं। बॉलीवुड सितारे भी सोशल मीडिया पर अपना दुखा जाहिर कर रहे हैं और वहां की स्थिति के बारे में अपडेट अपने फैंस के साथ साझा कर रहे हैं। जंगल में लगी आग ने हॉलीवुड के पुरस्कार समारोह को बाधित कर दिया है, जिससे क्रिटिक्स चॉइस अवाड्र्स और प्रोड्यूसर्स गिल्ड अवाड्र्स नॉमिनेशन जैसे कार्यक्रम काफी प्रभावित हुए हैं। यही नहीं, डचेस ऑफ ससेक्स की नेटफ्लिक्स सीरीज लव, मेघन की रिलीज को भी स्थगित कर दिया गया है। यह सीरीज अब 15 जनवरी के बजाय 4 मार्च को प्रीमियर होगी। खबरों की मानें को एक सोर्स ने बताया है, इस समय सभी लोगों की चिंता यह नहीं है कि ऑस्कर अवॉर्ड्स तय समय पर हो, बल्कि लोगों का मानना है कि लॉस एंजिल्स के लोग एक भारी नुकसान से होकर गुजर रहे हैं।

### टॉलीवुड

# गेम चेंजर पर निर्देशक ने तोड़ी चुप्पी, बताई अपनी मजबूरियां



संक्रांति स्पेशल के तौर पर रिलीज हुई राम चरण की फिल्म ''गेम चेंजर' को दर्शकों और आलोचकों दोनों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली है। इसी बीच फिल्म के निर्देशक शंकर ने फिल्म को लेकर अपनी राय व्यक्त की है। निर्देशक शंकर की फिल्म ''गेम चेंजर' 10 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इसके बाद से ही फिल्म के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर प्रशंसक अपनी नजरें बनाए हुए हैं। वहीं अब ''गेम चेंजर' ' के निर्देशक शंकर ने फिल्म रिलीज के बाद इसके बॉक्स ऑफिस कलेक्शन पर अपने विचार व्यक्त किए हैं। एक इंटरव्यू के दौरान एस शंकर ने 'गेम चेंजर' के बॉक्स ऑफिस कलेक्शन को लेकर अपनी निराशा व्यक्त करते हुए कहा कि समय की कमी के वजह से उन्हें कई प्रभावशाली सींस को काटना पड़ा। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि मूल फुटेज पांच घंटे से अधिक समय तक चली, लेकिन फिल्म को फिर से सही करने के लिए महत्वपूर्ण हिस्सों को काट दिया गया।

इस फिल्म में बॉलीवुड अभिनेत्री कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि अंजलि, एसजे सूर्या और श्रीकांत ने भी महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं। दिल राजू द्वारा निर्मित और थमन द्वारा संगीतबद्ध फिल्म की संक्रांति बॉक्स ऑफिस रिलीज अभी भी लगातार जारी है। 'गेम चेंजर'को तेलुगु, हिंदी, कन्नड़, मलयालम और तमिल भाषा में रिलीज किया जा चुका है। यह एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन एस. शंकर ने किया है और इसका निर्माण श्री वेंकटेश्वर क्रिएशंस ने किया है। 'गेम चेंजर' का नाम शुरू में आरसी15 रखा गया था क्योंकि यह चरण की 15वीं फिल्म थी। बाद में इसका नाम 'गेम चेंजर'रखा गया। फिल्म की शूटिंग अक्टूबर 2021 में शुरू हुई और जुलाई 2024 में खत्म हुई।

### भोजपुरी

# 'कल्लू' की मजेदार फिल्म 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' में घर बैठे मनोरंजन



अरविंद अकेला 'कल्लू', मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता की मजेदार भोजपुरी फिल्म 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' अब आप घर बैठे देख सकते हैं। इस रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म के वर्ल्ड टीवी प्रीमियर और ओटीटी रलीज की तारीख की घोषणा हो गई है। भोजपुरी सिनेमा में युवा दिलों की धड़कन अरविंद अकेला कल्लू के फैंस के लिए खुशखबरी है। राजकिशोर प्रसाद (राजू) के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में अरविंद अकेला 'कल्लू' के साथ मणि भट्टाचार्य और रक्षा गुप्ता की तिकड़ी है। प्रोड्यूसर विनय सिंह, डॉ. संदीप उज्ज्वल और सुशांत उज्जवल की फिल्म 'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' का वर्ल्ड टीवी प्रीमियर 11 जनवरी 2025 की शाम को 6 बजे 'भोजपुरी' सिनेमा चैनल पर हुआ। अगले ही दिन 12 जनवरी को भी सुबह 9 बजे से यह चैनल पर प्रसारित हो गई। साथ के साथ आप इसे 'दंगल प्ले' ऐप पर भी देख सकते हैं।

'मुझे मेरी बीवी से बचाओ' एक फिल्म मनोरंजक फिल्म है, जिसमें कॉमेडी के साथ रोमांस भी है। कहानी में कल्लू के किरदार ने दो शादियां की है और इस फेर में फंस चुका है। कल्लू कहते हैं, 'फिल्म मजेदार है और इस वीकेंड इसे जरूर अपने परिवार के साथ देखें। बेहद मजा आने वाला है।' डायरेक्टर राज किशोर प्रसाद कहते हैं, 'यह एक पारिवारिक फिल्म है।

## कैटवॉक के साथ जश्न

लाइफ



फ्रांसीसी फैशन हाउस बाल्मेन ने क्रिएटिव डायरेक्टर ओलिवियर रूस्टिंग के कार्यकाल की 10वीं वर्षगांठ का जश्न कैटवॉक शो के साथ मनाई गई। जिसमें नाओमी कैंपबेल, पूर्व फ्रांसीसी प्रथम महिला कार्ला ब्रूनी, मिला जोवोविच और नतालिया वोडियानोवा सहित कई सेलिब्रिटी मॉडल शामिल थे। मॉडल सीन नदी के किनारे एक खचाखच भरे म्यूजिक हॉल के मंच पर शरीर के पैच दिखाने के लिए कटे हुए कपड़ों में, जंजीरों से लिपटे और बोल्ड-शोल्डर जैकेट या ट्रेंच कोट पहने हुए थे।

# मिल्क पाउडर से चमकाएं चेहरा, खिल उठेगा रूप



अगर आप मिल्क पाउडर की मदद से अपना चेहरा चमकाना चाहते हैं तो सबसे पहले चेहरे की क्लीजिंग करनी है। इसके लिए एक कटोरी में आधा चम्मच मिल्क पाउडर में एक चम्मच कच्चा दूध मिलाना है। अब इस पेस्ट को दस मिनट के लिए चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथ से मसाज करें। ऐसा करने से आपकी त्वचा की डेड स्कन हटने लगेगी। चेहरे को क्लीन करने के बाद स्टीमर की मदद से आप स्टीम ले सकती हैं।

इससे आपकी त्वचा के पोर्स खुल जाएंगे। स्टीम त्वचा को हाइड्रेट करने में भी मददगार रहती है। इस स्टेप के बाद आपको मिल्क पाउडर की मदद से ही चेहरे की स्क्रबिंग करनी है। इसके लिए बस आधा चम्मच मिल्क पाउडर को दो चम्मच कच्चा दूध और एक चम्मच चावल का आटा मिलाएं।

इससे अपने चेहरे पर अच्छे से स्क्रब करें। चेहरे पर स्क्रब करने के बाद एक कटोरी में मिल्क पाउडर लेकर उसमें थोड़ा सा शहद और नारियल का तेल डालें। अब इसको अपने चेहरे पर अच्छी तरह से लगा लें। दस मिनट के बाद चेहरे की मसाज करें। सबसे आखिर में आपको अपने चेहरे पर फेसपैक लगाना है। मिल्क पाउडर से फेसपैक बनाने के लिए आपको बस एक कटोरी में दो चम्मच मिल्क पाउडर, एक चम्मच चंदन पाउडर, एक चम्मच बेसन, दही और आधा चम्मच शहद मिलाना है। इसके बाद इस पेस्ट को अपने चेहरे पर 15 मिनट के लिए लगाएं और फिर चेहरा धो लें। इस पूरी प्रक्रिया करने के बाद आपका चेहरा खिल उठेगा।

# रॉयल लुक के लिए शामिल करें इन खास रंगों के कपड़े








जैसे-जैसे साल बदलते हैं, उसी हिसाब से फैशन भी बदलता रहता है। ऐसे में सबसे बड़ी परेशानी उन लोगों के सामने आ खड़ी होती है, जो हमेशा ट्रेंड के हिसाब से ही कपड़े पहनते हैं। चाहे पार्टी हो या फिर ऑफिस जाना हो, उनका अंदाज हमेशा हटकर ही होता है।

अगर आप भी उन्हीं लोगों में शामिल हैं और आपको कंफ्यूजन है, कि किन रंगों के कपड़े आपको रॉयल लुक देंगे तो ये लेख आपके लिए है। आज के लेख में हम आपको बताएंगे, किस तरह से कपड़ों के पैटर्न के साथ-साथ आपको उनके रंगों पर भी खास ध्यान रखना चाहिए। अगर आप अपने कपड़े के रंगों का ध्यान रखेंगी तो आपका लुक हमेशा क्लासी और रॉयल दिखेगा।

दरअसल, कुछ रंग ऐसे होते हैं, जो देखने में ही काफी क्लासी लगते हैं और उन्हें पहनकर लुक काफी रॉयल दिखता है। ऐसे में अगर आप भी रॉयल लुक कैरी करना चाहती हैं तो अपने कलेक्शन में इन रंगों के कपड़ों को जरूर शामिल करें। ये आपको खूबसूरत दिखने में मदद करेंगे।


**पेस्टल रंग:** इस तरह की साड़ियां आजकल काफी चलन में हैं। अगर बात करें पेस्टल रंगों की तो ये रंग पहनकर आप अपना रॉयल अंदाज दिखा सकती हैं। पेस्टल रंग में आपको सूट से लेकर साड़ी तक आसानी से मिल जाएंगे।

**रॉयल ब्लू:** ये एक ऐसा रंग है, जो हर किसी पर जचता है। ऐसे में इसका ट्रेंड कभी पुराना नहीं होता। यही वजह है कि हर किसी को रॉयल ब्लू रंग का आउटफिट पसंद आता है। अगर आपके पास इस रंग के कपड़े नहीं हैं, तो आज ही इसे अपने कलेक्शन में शामिल करें।

**एमरॉल्ड ग्रीन:** हरे रंग का ये शेड काफी डार्क होता है। ज्यादातर लोग इसे शादी-विवाह के समय पहनना पसंद करते हैं। इस रंग के साथ लाइट मेकअप भी क्लासी लगता ह

**पर्पल:** वैसे तो आजकल पर्पल के कई शेड ट्रेंड में हैं, लेकिन आप इस तरह का डीप पर्पल अपने कलेक्शन में जरूर शामिल करें। ये आपको क्लासी लुक देने का काम करता है।

# खास मौके पर सूट के साथ ट्राई करें विशेष सिंपल हेयर स्टाइल



शादी और पार्टी का सीजन चल रहा है। ऐसे में अगर आप सूट पहनने की सोंच रही और सबसे अलग दिखना चाहती हैं तो आगे बताए गए हेयर स्टाइल को ट्राई कर सकती हैं।

### सेंटर पार्टीशन के साथ साइड पफ

अगर आप अपनी फ्रेंड के संगीत वाले फंक्शन में सूट वियर कर रही हैं तो आप ओपन हेयर रख सकती हैं। इसके लुक को एन्हांस करने के लिए इसके साथ आप सेंटर पार्टीशन कर सकती हैं। अगर आपका चेहरे गोल शेप का है तो आप पार्टीशन वाले एरिया में दोनों साइड से थोड़ा पफ कर सकती हैं। ये आपके चेहरे की खूबसूरती में चार चांद लगे देगा।

### हाई बन कर सकती हैं ट्राई

आप अगर खुले बाल में कंफोर्टेबल नहीं रहती और वेडिंग में यूनिक भी दिखना चाहती हैं तो आप हाई बन ट्राई कर सकती हैं। एथनिक आउटफिट खासकर सूट के साथ हाई बन काफी स्टालिश लगता है। हालांकि थोड़ा एलिगेंट टच देने के लिए आप आगे की लटें भी बाहर निकाल सकती हैं। ये हेयर स्टाइल(जुड़ा हेयर स्टाइल) आपको बेहद स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक देगा।

### हाफ टाई हेयर रहेगा बेस्ट

एथनिक ड्रेस पर सिंपल हाफ टाई हेयरस्टाइल बना सकती हैं। पंजाबी सूट, फ्रॉक सूट, शरारा और गरारा जैसे ट्रेडिशनल ड्रेस(ब्राइडल बन) पर भी ये हेयर स्टाइल काफी अच्छी लगती है।

### लूज बन में भी दिखेंगी एलिगेंट

संगीत-मेहंदी जैसे फंक्शन में अगर आप अनारकली या शरारा सूट पहन रही हैं और अपने बालों को कुछ स्टाइलिश लुक देने की सोंच रही तो आप लूज बन बना सकती हैं।

# लॉन्ग कोट डिजाइंस को अपनी वॉर्डरोब में कीजिए शामिल, दिखेंगी स्टाइलिश



सर्दियों में लड़कियां सबसे ज्यादा लॉन्ग कोट के साथ ड्रेस पहनना पसंद करती हैं। लेकिन इसके लिए आप डिजाइंस का खास ध्यान रखना चाहिए।

### लेसअप लॉन्ग कोट

पार्टी हो या फिर कोई फंक्शन हम उसमें जानें के लिए अक्सर अलग-अलग डिजाइंस के ड्रेस ऑप्शन को ट्राई करते हैं। इसके साथ पहनने के लिए हमें कुछ ऐसी कम्फर्टेबल चीज भी चाहिए होती है जिससे हम सर्दियों में बच सके। ऐसे में आप लेसअप लॉन्ग कोट को वियर कर सकती हैं। ये दिखने के साथ-साथ पहनने में भी काफी स्टाइलिश लगता है। इसमें आपको काफी सारे अच्छे-अच्छे ऑप्शन भी मिल जाते हैं। जिसे आप शॉट ड्रेस यहां तक की जींस और टॉप के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं। मार्केट में यह आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएगा।

### चेक डिजाइन लॉन्ग कोट

अगर आप कहीं घूमने जा रही हैं और वहां पर ड्रेस के ऊपर के लिए लॉन्ग कोट सर्च कर रही हैं तो इसे ट्राई (सलवार सूट डिजाइंस) कर सकती हैं। इसमें आपको चेक डिजाइन वाला लॉन्ग कोट मिलेगा। जिसे वियर करके आप काफी स्टाइलिश लगेंगी। आप चाहे तो इसके साथ फैंसी बेल्ट को वियर कर सकती हैं और एक परफेक्ट वेकेशन लुक क्रिएट कर सकती हैं। मार्केट में यह आपको 1000 से 2000 रुपये में मिल जाएंगे।

## कार्नर न्यूज

## फैशन के हिसाब से जींस खरीदें, लेकिन लुक का भी ध्यान रखें

# जींस में दिखना है एक्स्ट्रा स्मार्ट तो खरीदने से पहले ध्यान दें जरूरी टिप्स पर, होगी तारीफ

*जींस एक बहुत ही आम पहनावा बन चुका है। हर उम्र के लोग इसे पहन रहे हैं। लेकिन अफसोस की ये सब पर बेस्ट लुक नहीं देती है। दरअसल लोग जींस फैशन के हिसाब से खरीदते हैं। जबकि जींस फैशन के हिसाब से नहीं बल्कि बॉडी पर सही फिटिंग के हिसाब से चुनी जानी चाहिए। चुनाव के कुछ तरीके और भी हैं। सही जींस कैसे चुनी जा सकती है, तरीके हम बताते हैं।*



### बॉडी शेप को पहचानें

जींस लेने से पहले अपने बॉडी टाइप और आकार को पहचानना जरूरी होता है। लेकिन जींस के हिसाब से खुद को फिट करने के लिए अपने बॉडी टाइप की जानकारी जरूरी होती है।

अगर आप लंबे और पतले हैं तो आपके ऊपर स्किनी और स्ट्रेट लेग जींस फिट आएगी।पियर शेप बॉडी पर कर्वी फिट जींस अच्छी लगेगी।अगर कमर पर मोटापा ज्यादा है तो हाई राइज जींस पहनें। इससे कमर छोटी और थोड़ी पतली दिखेगी।

### जो कभी न हो आउट ऑफ फैशन

जींस का वो पैटर्न खरीदें, जो कभी आउट ऑफ़ फैशन नहीं होता है। जैसे हाईराइज जींस या स्ट्रेट लेग जींस। जबकि बूटलेग्स जैसे जींस का फैशन हमेशा नहीं आता है।

### सबसे अच्छा फैब्रिक

जींस का सबसे अच्छा फैब्रिक वो होता है जो पहले टच में ही सॉफ्ट लगे। साथ में इसमें थोडा स्ट्रेच भी हो लेकिन ये शेपलेस न हो। इस तरह की क्वालिटी की जींस खरीद कर आप सालों तक इसे इस्तेमाल कर पाएंगे। हो सकता है ऐसे फैब्रिक में जींस थोड़ी महंगी मिले लेकिन ये आपका साथ लंबे समय तक देगी।



### ट्रेडिशनल ब्लू डेनिम है परफेक्ट

जींस का ट्रेडिशनल ब्लू कलर हमेशा वाला कलर है। ये कई सारे रंगों के साथ मैच होता है तो हर फैशन ट्रेंड का हिस्सा भी होता है। इसको पार्टी वियर अपर के साथ भी पहना जा सकता है तो कैजुअल आउटिंग के साथ भी। इसके साथ ब्लैक डेनिम भी ऐसा कलर है जो काफी मौकों पर पहना जा सकता है। रात वाले मौकों पर तो ये बहुत ही अच्छी लगती है।